


दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -79 जबलपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या

## सिस्टम में कुछ गड़बड़ है...राहुल गांधी ने फिर विदेशी धरती से भारत का किया अपमान

नई दिल्ली.(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद और भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं. इस दौरान उन्होंने बोस्टन स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने भारत की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया.

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया में असामान्यता पाई गई. उन्होंने दावा किया कि शाम 5:30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार जितने युवाओं ने मतदान किया, उससे कहीं अधिक लोगों ने 5:30 के बाद वोट डाले, जबकि उस समय तक मतदान बंद हो जाना चाहिए था. मतदान प्रक्रिया में एक व्यक्ति को औसतन 3 मिनट लगते हैं. अगर 65 लाख लोगों ने 5:30 से 7:30 बजे के बीच मतदान किया, तो यह फिजिकली संभव



नहीं है, जब तक कि लोग रात 2 बजे तक कतार में खड़े न हों - जो नहीं हुआ, राहुल गांधी ने कहा.

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पारदर्शिता नहीं बरत रहा है. हमने पूछा कि क्या इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हो रही है? उन्होंने न सिर्फ इनकार किया, बल्कि कानून भी बदल दिया जिससे अब वीडियोग्राफी की मांग नहीं की जा सकती. राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि चुनाव आयोग के रवैये से स्पष्ट है कि चुनाव प्रणाली से समझौता किया जा चुका है और यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है. कांग्रेस नेता ने दावा किया कि महाराष्ट्र में कुल लोगों की संख्या से अधिक लोगों ने मतदान किया और यह एक तथ्य है... चुनाव आयोग ने हमें शाम करीब साढ़े पांच बजे एक आंकड़ा दिया और दो घंटे यानी साढ़े सात बजे के आसपास 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया, जो शारीरिक रूप से असंभव है। इससे पहले, चुनाव आयोग के सूत्रों ने मतदाता सूची में हेराफेरी के बारे में राजनीतिक दलों के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया और भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि व्यवस्था में कुछ बहुत गड़बड़ है। महाराष्ट्र चुनाव पर बोलते हुए गांधी ने कहा कि दो घंटे में मतदाता सूची में 65 लाख मतदाताओं का नाम जुड़ गया, जो असंभव था। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है, व्यवस्था में कुछ बहुत गड़बड़ है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि महाराष्ट्र में कुल लोगों की संख्या से अधिक लोगों ने मतदान किया और यह एक तथ्य है... चुनाव आयोग ने हमें शाम करीब साढ़े पांच बजे एक आंकड़ा दिया और दो घंटे यानी साढ़े सात बजे के आसपास 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया, जो शारीरिक रूप से असंभव है।

## रायसेन में खाई में गिरी गाड़ी 6 लोगों की मौत बिहार से इंदौर लौट रहा था परिवार




रायसेन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे.45 ;भोपाल.जबलपुर मार्गद्ध पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बम्होरी ढाबे के पास हुआए जब तेज रफ्तार तूफान गाड़ी ;ट्रैवलरद्ध अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई और लगभग 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

तूफान गाड़ी में सवार सभी 9 लोग इंदौर के चंदननगर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैंए जो बिहार के पटना में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। लौटते वक्त कार में दूल्हा.दुल्हन समेत परिवार के अन्य सदस्य सवार थे। बताया गया है कि इस भीषण हादसे में दो साल की मासूम बच्ची की भी मौके पर ही मौत हो गई।

## ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे 88 साल की उम्र में ब्रेन स्ट्रोक से निधन; भारत में 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा



वेटिकन-(आरएनएस)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। पोप के निधन पर भारतीय गृह मंत्रालय ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इसमें पहले दो दिन का राष्ट्रीय शोक 22 और 23 अप्रैल को रहेगा, जबकि तीसरे दिन का राष्ट्रीय शोक अंतिम संस्कार वाले दिन रहेगा। इटैलियन मीडिया के मुताबिक पोप की मृत्यु ब्रेन स्ट्रोक की वजह से हुई। स्ट्रोक से उनके दिमाग में रक्तस्राव हो गया था। 14 फरवरी को फेफड़ों में इन्फेक्शन की वजह से उन्हें रोम के एक हॉस्पिटल में एडमिट भी किया गया था। आज रात वेटिकन में पोप का शव ताबूत में रखा जाएगा। उनके वेटिकन स्थित सेंट मार्था निवास पर कार्डिनल केविन जोसेफ फैरेल, पोप का शव ताबूत में रखेंगे। बुधवार को उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा जा सकता है। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। पोप फ्रांसिस, जिनका ईस्टर सोमवार को 88 वर्ष की आयु में वेटिकन के कासा सांता मार्टा में उनके निवास पर निधन हो गया था, ने अनुरोध किया था कि उनके अंतिम संस्कार की रस्मों को सरल बनाया जाए और होली सी के समाचार पोर्टल वेटिकन न्यूज ने सोमवार को कहा मसीह के पुनर्जीवित शरीर में चर्च के विश्वास को व्यक्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। नए सिरे से किए गए अनुष्ठान, अपोस्टोलिक समारोहों के मास्टर आर्कबिशप डिएगो रवेली ने खुलासा किया, इस बात पर और भी अधिक जोर देने का प्रयास करता है कि रोमन पोंटिफ का अंतिम संस्कार एक पादरी और मसीह के शिष्य का है, न कि इस दुनिया के किसी शक्तिशाली व्यक्ति का।

## विकसित भारत में प्रदेश की बड़ी भूमिका, लोकसेवकों के नवाचारों के आधार पर बने सुशासन की कार्ययोजना-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राष्ट्रीय लोकसेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार करने वाले प्रदेशभर के 16 लोकसेवकों को पुरस्कृत किया। उन्होंने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 के लिए चयनित लोकसेवकों को 1 लाख रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री यादव ने सुशासन से जुड़े नवाचारों के लिए कार्य करने वाले सभी लोकसेवकों को राष्ट्रीय लोकसेवा दिवस की बधाई दी। समारोह के मुख्य अथिति डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारतञ्च2047 में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य के लोकसेवकों ने अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाया है। जमीनी स्तर पर अधिकारियों द्वारा किए ज रहे नवाचारों को संकलित कर सुशासन के लिए योजना तैयार करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मौर्य साम्राज्य की स्थापना और विकास में चाणक्य की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि महामंत्री





चाणक्य ने सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य को राजा बनाया था और वे स्वयं मंत्री बने थे ताकि एक शक्तिशाली राजवंश में लोकशासन की व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश के भविष्य की नींव तैयार करने के लिए लोकसेवक व्यवस्था को विस्तार दिया और उनके लिए सेवा नियम (सर्विस रूल) तैयार किए। उन्होंने लोकसेवकों के लिए तीन बातों- डिग्निटी, इंटीग्रिटी और इंकरप्टिबिलिटी को रेखांकित किया था।

### 16 लोकसेवकों को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर माधव प्रसाद पटेल माध्यमिक शिक्षक, अदिति गर्ग आयुष्मान कार्ड में नवाचार, डॉ. इंदिरा दांगी शिक्षक आष्टा, शारदा डुवडे शिक्षक, आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया, चंद्रमोहन ठाकुर अधोसंरचना श्रेणी में पुरस्कार, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय, संजय जोशी प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, अमित तोमर प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, ऋषभ गुप्ता पूर्व कलेक्टर देवास, गणेश शंकर मिश्रा प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, दिवांग सिंह ग्रीन ब्रांड इंदौर में उत्कृष्ट कार्य, प्रवीण सिंह अढायच पूर्व कलेक्टर सीहोर, प्रो. बेला सचदेवा, भूपेंद्र कुमार चौधरी माध्यमिक शिक्षक, शीला दाहिमा को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।

### प्रशासन अकादमी में नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला आयोजित

सिविल सेवा दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रशासन अकादमी में नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेशभर के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक बागला ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को विकसित भारत के लिए सुशासन से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रमान ने सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया।

पूजा खेडकर हाजिर हों!

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछताछ के लिए पुलिस के सामने पेश होने का दिया आदेश



नई दिल्ली-(आरएनएस)। देश-प्रदेश में चर्चित हुई पूर्व आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेड़कर के मामले को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेड़करला को जांच के लिए पुलिस के समक्ष उपस्थित रहने के अहम निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई है और पुलिस को जल्द जांच पूरी करने का निर्देश दिया। अगले 2 दिन में सुबह 10.30 बजे पूजा खेडकरला (पूजा खेडकर) को दिल्ली क्राइम ब्रांच के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। 21 मई को सुप्रीम कोर्ट ने आजीविका के मुद्दे पर बात की थी। पूजा खेडकर मामले में आज (21 अप्रैल) दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। इस समय दिल्ली पुलिस ने खेडकर की हिरासत की मांग की। यह दलील देते हुए पूजा खेडकर के वकीलों ने अदालत में जोरदार दलील दी कि हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं है।

## ओबीसी आरक्षण पर बोले जीतू पटवारी- भाजपा सरकार कोर्ट का बहाना बनाकर कर रही है गुमराह, महाधिवक्ता पर भी लगाए गंभीर आरोप



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27त्न आरक्षण दिलाने की लड़ाई एक बार फिर तेज होती नजर आ रही है। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार और राज्य के महाधिवक्ता पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले को सरकार जानबूझकर उलझा रही है, जबकि कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण पर कोई कानूनी रोक नहीं है। पटवारी ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 15 महीने के कार्यकाल में ओबीसी आरक्षण को 14त्न से बढ़ाकर 27त्न किया था और इसे पहले अध्यादेश और फिर विधायिका के माध्यम से लागू किया गया। लेकिन भाजपा सरकार ने इसे रोकने की साजिश की और कोर्ट का बहाना बनाकर क्रियान्वयन नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कुछ भर्तियों में दिखावे के तौर पर 27त्न आरक्षण दिया, लेकिन बाद में वही नियुक्तियां रोक दी गईं। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को घेरते हुए पटवारी ने कहा कि उन्होंने सरकार के इशारे पर करोड़ों रुपये फीस लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला उलझाया और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को कुचला। उन्होंने नर्सिंग घोटाले में भी प्रशांत सिंह पर करोड़ों की अनियमितता का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त में शिकायत करने की बात कही।

जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय की नींव बताते हुए पटवारी ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी सिद्धांत पर अमल होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 20 से अधिक युवा नियुक्तियों के इंतजार में आत्महत्या कर चुके हैं।

पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि 27त्न आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया गया, तो ओबीसी महासभा पूरे प्रदेश में जन-जागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि कोर्ट के नाम पर ओबीसी वर्ग को गुमराह करना बंद करे और जनता के पैसों से वकीलों को भारी फीस देकर आरक्षण रोकने का षड्यंत्र तत्काल बंद हो।

## पीएम मोदी और जेडी वेंस के बीच हुई मुलाकात, दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई, परिवार संग दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना हुए



नई दिल्ली-(आरएनएस)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस चार दिनों के दौरे के लिए भारत आए हैं। भारत पहुंचे वेंस दौरे के पहले दिन शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए प्रधानमंत्री हाउस पहुंचे। पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस व उनकी पत्नी उषा व उनके बच्चों का दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर स्वागत किया। प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया।

दोनों नेताओं ने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आगे बढ़ने के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति, द्वितीय महिला और उनके बच्चों को भारत में सुखद और उत्पादक प्रवास के लिए शुभकामनाएं दीं प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रम्प को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं

## अखिलेश यादव का बड़ा दावा, महाकुंभ के दौरान योगी को पीएम उम्मीदवार घोषित करने का था प्लान

नई दिल्ली-(आरएनएस)। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर धार्मिक महाकुंभ मेले को राजनीतिक तमाशा बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन को बेहद खराब तरीके से प्रबंधित किया गया और इसे पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए फिर से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यहां तक संकेत दिया कि इस उत्सव में अगले प्रधानमंत्री की घोषणा करने की योजना थी।

इस आयोजन को राजनीतिक बताते हुए कन्नौज के सांसद ने प्रयागराज में संवाददाताओं से कहा, जहां वे एक शादी में शामिल होने गए थे। उन्होंने कहा, महाकुंभ की विफलता के लिए मुख्यमंत्री खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने इसे भाजपा के कार्यक्रम में बदलने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा करने की भी योजना थी। यह धार्मिक कुंभ नहीं था, बल्कि राजनीतिक था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसा सुनने में आ रहा है कि महाकुंभ के दौरान प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उनके (आदित्यनाथ) नाम की घोषणा करने की योजना थी।



उन्होंने दावा किया, क्या आपने कभी कुंभ के दौरान टीवी चैनलों को साक्षात्कार देते देखा है? यहां ऐसी व्यवस्था की गई थी। इस पूरे कुप्रबंधन ने आयोजन के आयोजन पर एक बड़ा धब्बा लगा दिया है। यादव ने कहा कि भविष्य में, आप और भी बेहतर समझेंगे। कई बातें शायद मुझ तक न पहुंचें, लेकिन आप यहां रहते हैं - आप सच्चाई जानते हैं। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि विपक्षी दल भारत 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) भाजपा को राज्य से उखाड़ फेंकेगा। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए, और आरोप लगाया कि जनवरी में भगदड़ के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी विफल रही। उन्होंने कहा, ''भाजपा सच्चे आंकड़े छिपाने और झूठे आंकड़े दिखाने में माहिर है।

## पहले लंच में परोसी मछली, फिर झोंक दी आंख में मिर्च... 'पत्नी ने चाकू घोंप-घोंप कर निकाली अपने पति की जान



कर्नाटक (आरएनएस)। कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की मौत के मामले में चौंकाने वाला मोड़ आया है। बेंगलुरु पुलिस ने उनकी पत्नी पल्लवी को हिरासत में लिया है। पल्लवी ने कथित तौर पर उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका और एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर में चाकू घोंपकर उनकी हत्या कर दी। उनकी बेटी कृति को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ता इस बात की गहराई से जांच कर रहे हैं कि यह घरेलू विवाद था जो जानलेवा बन गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 68 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की हत्या पल्लवी के साथ तीखी बहस के बाद की गई। पल्लवी ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और मिर्च पाउडर से उन्हें अंधा करने के बाद चाकू से उन पर हमला कर दिया।

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या तब की गई जब वे लंच कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, ओम प्रकाश खाना खा रहे थे और उनकी प्लेट में दो तरह की मछलियाँ थीं। तभी उनकी पत्नी पल्लवी ने कथित तौर पर बहस शुरू की और अचानक चाकू से उन पर वार कर दिया।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलबाग में विकास गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी बाई का बगीचा गली नम्बर 1 ने लिखित शिकायत की कि वह घर के सामने किराना दुकान चलाता है मोहल्ले के रहने वाले सावन सोनकर , टुकटुक सोनकर उसकी किराना दुकान आये और सिगरेट लेकर वहीं पीने लगे कुछ देर बाद आने जाने वालों को जोर जोर से चिल्लाकर बोल रहे थे कि यहां के गुण्डे हैं कहते हुये अनाप शनाब बातें करने लगे, उसने मना किया तो चले गये कुछ देर बाद रात लगभग 8-45 बजे सावन सोनकर एवं टुकटुक सोनकर दुकान में आये

## निगमायुक्त प्रीति यादव ने गठित दल के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

# हितग्राहियों के आवेदनों का परीक्षण करने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के कार्यो के लिए सर्वेक्षण दल का गठन

### गठित दल के सदस्यों के द्वारा ऑन लाइन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण के साथ-साथ स्थलों का भी करेगें निरीक्षण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आवासों का लाभ लेने हेतु हिग्राहियों द्वारा ऑन लाइन आवेदन किये गए हैं। प्राप्त आवेदनों में दस्तावेजों का परीक्षण तथा स्थल निरीक्षण के लिए इस बार राजस्व विभाग के कर्मचारियों को भी कार्य पर लगाये गए ताकि कार्यो को गति एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण हो और हितग्राहियों को शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् लाभ मिल सके। इसके लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा एक आदेश जारी कर सभी की डयूटी उक्त कार्यो के लिए लगाई गयी है।

आज दिनांक 21 अप्रैल 2025 को मानस भवन के प्रेक्षागृह में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा शासन से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुसार गठित सर्वेक्षण दल के सभी सदस्यों को पी.पी.टी. के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें आवेदनों का सत्यापन एवं स्थलों का निरीक्षण किस हिसाब से करना है सभी प्रक्रिया को पारदर्शी रखना है के संबंध में एक-एक बिन्दुओं की जानकारी दी गयी।



निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि प्रत्येक दल में एक आर.आई. एवं पटवारी तथा नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक शामिल होगें जो दस्तावेजों का परीक्षण तथा स्थल निरीक्षण करेगें। इस कार्य में नगर निगम आवास योजना के उपयंत्री सिद्धार्थ दुबे तथा अशोक वासनिक को क्रमशः जोन क्रमांक 1 से 8 तथा 9 से 16 का नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। आवास योजना में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक संध्या रहंगडाले, अंजलि रौतिया, अनिल विश्वकर्मा तथा मीनाली समन्वयक का कार्य करेगें। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी सुनील दुबे तथा आवास योजना के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

स्थगित विशेष (बजट) बैठक कल

जबलपुर । नगर पालिक निगम जबलपुर की स्थगित विशेष (बजट) बैठक कल दिनांक 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गयी है।

## पुण्य सम्राट सूत्र ज्ञान अभिवृद्धि योजना का किया मंगलमय शुभारंभ

### राष्ट्रीय महामंत्री संगीता पोरवाल द्वारा पाठशाला का पुनः संचालन हुआ प्रारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्वनिधि जी महाराज साहब की पावन करी निश्रा में पुण्य सम्राट की सप्तमी के पुण्य अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री संगीता पोरवाल ने पुण्य सम्राट सूत्र ज्ञान अभिवृद्धि योजना का मंगलमय शुभारंभ किया गया इस योजना के सम्पूर्ण लाभार्थी अ .भा श्री राजेन्द्र जैन महिला परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा बेन मांगीलाल जी गांधी मुथा परिवार सायला निवासी बैंगलोर हे। महिदपुररोड सकल जैन श्री संघ की ओर से लाभार्थी परिवार की खूब खूब बारंबार अनुमोदना की गई। श्रीमती पोरवाल ने बच्चो से सूत्र पूछकर नई गाथा देकर पुनः पाठशाला का शुभारम्भ किया एवं पाठशाला संचालन के लिए बच्चो को बहुमान के लिए राशि प्रदान कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। पाठशाला सुचारू रूप से चलाने के लिए चार गुरुजन को नियुक्त किया प्रांतीय उपाध्याय पुष्पा जी कोचर,मिताली भंडारी,अलकाजी कोचर,हिमांशु



कोचर को नियुक्त किया गया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी द्वारा दी गई

## लॉ प्रेप ट्यूटोरियल का पहला ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडिया में वर्ष 2001 से कानून के विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता करने के लिए और भविष्य में आधार दिखाने के लिए लॉ प्रेप ट्यूटोरियल कार्यरत है। जबलपुर में स्थिति लॉ प्रेप ट्यूटोरियल द्वारा पिछले 3 वर्षों से क्लैट(सीएलएटी)की तैयारी कराई जा रही है जिसमें अनेकों छात्रों ने इसका उपयोग किया है और बहुत से छात्रों को अपने सपने को साकार करने के लिए एन एल यू में एडमिशन प्राप्त करने में मदद की है । लॉ प्रेप ट्यूटोरियल जबलपुर का आज पहला ओरिएंटेशन प्रोग्राम है। लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के संस्थापक डॉ ऐश्वर्य शर्मा द्वारा बताया गया की पुनः 27 अप्रैल को ओरिएंटेशन का प्रोग्राम रखा जाएगा।

इसमें बताया कि क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो भारत भर के विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) में स्नातक और स्नातकोत्तर विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।लॉ प्रेप ट्यूटोरियल क्लैट परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन और अध्ययन सामग्री प्रदान करता है, जिसमें छात्रों को परीक्षा के विभिन्न पहलुओं जैसे कि अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, विधिक तर्क और तार्किक तर्क में महारत हासिल करने में मदद मिलती है। और विधि संकाय से संबंधित छात्र अपने सपनो को साकार कर सके।

# गाजी नगर को मिली गंदगी और हादसे से निजात

### पूर्व पार्षद की चेतावनी के बाद निगम ने हटाया डंपिंग स्टेशन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राज्यसभा सांसद प्रतिनिध एवं मोतीलाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली के प्रयासों से गाजी नगर को गंदगी, बदबू, बीमारी और खौफनाक अग्नि हादसे के डर से निजात मिल गई. नगर निगम ने गाजी नगर मैदान के पास बना कचरा डम्पिंग स्टेशन हटा दिया है. यह जानकारी सोमवार सुबह निगम जोन क्रमांक 14 के सीएसआई अतुल रैकवार ने गाजी नगर पहुंचकर दी. जिसके बाद क्षेत्रीय जनों ने सैय्यद ताहिर अली का अभार व्यक्त किया. वहीं श्री ताहिर ने यहां कहा, हम नगर निगम को हमारी मांग सुनने के लिये धन्यवाद देते हैं, वहीं चेतावनी भी देते हैं यदि भविष्य में कभी यहां दोबारा कचरा डम्प करने का प्रयास हुआ तो हम यहीं फिर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे. गौरतलब है की 12 अप्रैल



को गाजी नगर मैदान में बने कचरा डम्पिंग यार्ड में आग लग गई. आग जिस जगह लगी उससे कुछ दूरी पर 300 परिवार थे, झुग्गी बस्ती में रह रहे थे. वहीं सामने गाजी बाग में शादी का कार्यक्रम चल रहा था. राहत की बात रही की आग पर समय रहते कंट्रोल पा लिया गया. जिससे खौफनाक हादसा टल गया. हादसे के बाद क्षेत्र के पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत कराया. साथ ही निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर 5 दिन के अंदर गाजी नगर का कचरा डम्पिंग स्टेशन बंद करने की मांग की. ताहिर ने निगम को चेतावनी दी थी की यदि यह कचरा स्टेशन बंद नहीं हुआ तो कचरे के ढेर पर ही अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा. जिसके बाद निगम अधिकारियों ने गाजी नगर से कचरा डम्पिंग स्टेशन हटाने का निर्णय लिया.

सोमवार सुबह निगम जोन क्रमांक 14 के सीएसआई अतुल रैकवार ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों को बताया की यहां से कचरा डम्पिंग यार्ड हटा लिया गया है और अब यहां शहर का कचरा नहीं फेंका जाएगा. जिसके बाद गाजी नगर वासियों में खुशी ली लहर है.

धन्यवाद के साथ चेतावनी

पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने गाजी नगर वासियों की मांग सुनने पर निगमायुक्त का धन्यवाद दिया है. वहीं श्री ताहिर ने चेतावनी दी है की यदि भविष्य में कभी भी इस जगह दोबारा कचरा घर बनाने की कोशिश की गई, तो वो उसी दिन यहां अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेंगे.

## सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, बीना 23:00 बजे पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 02:00 बजे, इटारसी 03:40 बजे और मंगलवार दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 22 अप्रैल से 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को उधना स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 04:25 बजे, रानी कमलापति 06:30 बजे, बीना 09:40 बजे पहुँचकर और बुधवार रात 21:00 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुँचेगी।

इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 07 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, गोविंदपुरी, भीमसेन, पोखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, पलाधी, अमलनेर, नंदुरबार एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी।

स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों में अवकाश की मांग - भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तमान में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। इसी गंभीर परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई), जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है, जिससे स्कूली बच्चों को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में स्कूल जाना विद्यार्थियों के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। श्री रजक ने ज्ञापन में यह मांग रखी कि जबलपुर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से अस्थायी अवकाश घोषित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को इस खतरनाक गर्मी से राहत मिल सके और कोई भी अप्रिय घटना न घटे। जबलपुर जैसे बड़े और भीषण गर्मी से प्रभावित जिले में यह निर्णय शीघ्र लिया जाना आवश्यक है। एनएसयूआई जबलपुर ने अपेक्षा की है कि प्रशासन मानवीय दृष्टिकोण से शीघ्र निर्णय लेकर छात्रहित में अवकाश की घोषणा करेगा। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के हित में इस पहल का समर्थन किया। आज मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, राहुल रजक, अभिषेक पटेल, अभिषेक दाहिया सहित छात्र उपस्थित थे।

## दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए 9 जून को रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 09.06.2025 को इंदौर शहर से दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, बैतूल एवं नागपुर स्टेशनों से होते हुए गंतव्य को जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं त्रिवेन्द्रम के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 18,000/- प्रति व्यक्ति (स्ल - इकॉनामी श्रेणी), रु. 29,500/- प्रति व्यक्ति (3ए - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 38,500/- प्रति व्यक्ति (2ए - कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा। आईआरसीटीसी,इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है,जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा,ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन,सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्?त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा,यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था,यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स,यात्रा बीमा,ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शि?विर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थि?त पाण्डुताल मैदान में किया गया है। इस शि?विर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों के अलावा उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शि?विर में 13 खेलों का प्रशि?क्षण दिया जाएगा। पारम्परिक खेलों के अतिरिक्त शूटिंग व एरोबिक्स की प्रशि?क्षण देने की व्यवस्था की गई है।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव महासचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी है कि नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन खेल प्रशि?क्षण शि?विर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस शि?विर में बालक व बालिकाओं के लिए क्रिकेटए फुटबालए हाकीए बैडमिंटनए टेबिल टेनिसए लान टेनिस ;8 से 16 वर्षद्धए वालीबाल ;10 से 16 वर्षद्धए शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस ;12 से 16 वर्षद्धए स्केटिंग ;8 से 14 वर्षद्ध एवं मार्शल आर्ट ताईक्वान.डो ;16 वर्ष आयु तकद्ध का प्रशि?क्षण दिया जाएगा। कुश्ती में 8 से 16 वर्ष आयु तक के बालक वर्ग को प्रशि?क्षण देने की व्यवस्था की गई है। शूटिंग प्रशि?क्षण में 10 वर्ष से आयु से अधि?क के बालक व बालिका और एरोबिक्स में 10 वर्ष से अधि?क आयु की बालिकाएं प्रशि?क्षण ले सकेंगी। शि?विर में योग का प्रशि?क्षण देने की पृथक से व्यवस्था की गई है। ग्रीष्मकालीन प्रशि?क्षण शि?विर में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वरिष्ठ एवं अनुभवी प्रशि?क्षक अपनी सेवायें देंगे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशि?क्षण शि?विर में भाग लेने के इच्छुक बच्चे निर्धारित प्रपत्र पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर स्थि?त केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के कार्यालय से प्रातरू 10ण्30 बजे से शाम 5ण्30 बजे तक प्राप्त कर अपनी प्रविष्टि? दे सकते हैं।

# सशक्त हस्ताक्षर की 35 वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न संस्कृति का दर्शन है साहित्य

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय वैभव के दर्शन का प्रतीक है साहित्य । इसके माध्यम से अतीत, वर्तमान और भविष्य का ज्ञान तथा संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।तदाशय के उद्गार सशक्त हस्ताक्षर संस्था के 35 वें काव्य महोत्सव में अतिथियों ने व्यक्त किये। प्रारम्भ में सशक्त हस्ताक्षर के संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने काव्य महोत्सव पर प्रकाश डाला।जानकीरमण महाविद्यालय में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि ख्यातिलब्ध शायर सोहन परोहा सलिल थे। अध्यक्षता आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एड. राजीव लाल श्रीवास्तव,राजेश पाठक प्रवीण, संगम त्रिपाठी थे। काव्य गोष्ठी में विविध भावों के अनेक रंग बिखरे ।गोष्ठी की शुरुआत सिहोरा से पधारे शिक्षक इन्द्रसिंह राजपूत ने की। महासचिव गुलजारी जैन ने समसामयिक घटना पर काव्यमय प्रकाश डाला।अध्यक्ष मदन श्रीवास्तव,लखन रजक, ज्योति प्यासी, अरुण शुक्ल,प्रकाश सिंह ठाकुर दीनदयाल तिवारी बेताल,वीर श्रीवास्तव,डॉ.रश्मि श्रीवास्तव,सुरेश दर्पण,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव ,अमर सिंह वर्मा, नारायण तिवारी सिहोर ने भाव भरी गज़लें पढ़ी ? बच्चन श्रीवास्तव, अनूप पाण्डे, सुमित्रा सेन, संदीप खरे युवराज ने सियासत पर व्यंग्यात्मक रचना को प्रस्तुत किया। संचालन प्यासा जबलपुरी एवं आभार कवयित्री तरुणा खरे ने किया ?





भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरूवार से उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है।

**प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में जारी विकास प्रक्रिया से बदल रहा है प्रदेश का परिदृश्य-12 प्रतिशत की तेज गति से चल रही है औद्योगिक विकास दर**

# औषधीय वनस्पति की राजधानी नीमच- मंदसौर को चीता प्रोजेक्ट और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से मिलेगी नई पहचान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जारी विकास प्रक्रिया से मध्यप्रदेश का परिदृश्य निरंतर बदल रहा है। स्कूल शिक्षा हो, पर्यटन हो या औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार सभी क्षेत्रों में प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर है। सभी जिलों में विकास और जनकल्याण गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण विद्यमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच जिले के रामपुरा में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नीमच-मंदसौर क्षेत्र राजस्थान का द्वार है और रामपुरा का प्राकृतिक सौंदर्य अभिभूत करने वाला है। औषधीय वनस्पति की राजधानी नीमच- मंदसौर को चीता प्रोजेक्ट और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर मध्यप्रदेश में चीतों का पुनर्वास आरंभ हुआ। गांधी सागर क्षेत्र में चीतों के आने से मंदसौर-नीमच क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे, गांवों में होमस्टे जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। स्थानीय व्यंजनों की पहचान वैश्विक स्तर पर बनेगी। इन सब गतिविधियों की ओर विश्व, आशा और जिज्ञासा से देख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच और मानसा में छोटे ट्रैक्टरों को स्वच्छता रथ के रूप में विकसित करने की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि औषधीय वनस्पतियों की खेती के लिए मंदसौर, नीमच राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, इसके लिए यहां के किसान अभिनंदनीय हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। यह किसानों की बेहतरी के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है, इसी का परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,53,280 रुपए है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास की भावना से चलने का परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गांधी सागर डैम का निर्माण 1960 में हुआ। जिसके कारण कई गांव डूबे, लेकिन डैम के आसपास के गांव को न तो पानी लेने की सुविधा दी गई और न ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई। राज्य सरकार ने गांधी सागर डैम के जल से सब ओर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। जनता की बेहतरी के हर संभव प्रयास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और रोजगार के अवसर निर्मित करने के लिए संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। सरकार के प्रयासों से 12 प्रतिशत की तेज गति से औद्योगिक विकास दर चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र के नवीन भवन निर्माण एवं रामपुरा नगर की सभी आंतरिक सड़कों के निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि रामपुरा में रेस्ट हाउस भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा विकास के बदलते दौर में अब प्रदेश में जंगल भी आबाद हो रहे हैं। जियो और जीने दो की भावना विकसित हो रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश मे चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहे हैं। दुनिया में सबसे अधिक टाइगर देश में है और देश में भी सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश में है। गांधी सागर अभयारण्य में आज दो चीते आजाद किये जा रहे हैं। अगले महीने चार चीते और लाकर छोड़ें जाएंगे। चीतों की बढ़ती संख्या के साथ ही क्षेत्र के पर्यटन में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। क्षेत्र के युवाओं और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

स्वराज शूटिंग की वस्त्र निर्माण इकाई का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेसर्स स्वराज शूटिंग द्वारा नीमच में 150 करोड़ की लागत से स्थापित वस्त्र निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। प्रथम चरण में इस वस्त्र निर्माण इकाई में 750 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।

3 साल में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा आगामी 3 साल में प्रदेश के 32 लाख किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए सोलर पंप दिए जाएंगे। किसानों को 5 रूपये में बिजली कनेक्शन भी देंगें। आयुष्मान योजना के तहत कार्डधारी परिवारों को पीएमश्री एअर एंबुलेंस की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

प्रदेश में हो रहे हैं रोजगार परक उद्योग स्थापित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रोजगार परक उद्योग स्थापित हो रहे हैं। इसमें वस्त्र निर्माण, धागा निर्माण उद्योगों में प्रति श्रमिक 5 हजार रूपये प्रतिमाह सरकार संबंधित उद्योगों को देगी। इससे महिलाओं के लिए रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामपुरा का प्राकृतिक सौंदर्य देखकर हर किसी की की आखें चौंधिया जाती है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायतों को स्वच्छता रथ प्रदान करने की सराहना भी की।

## मंत्री विजयवर्गीय की अपील... 'मेरे जन्मदिवस पर पोस्टर-बैनर नहीं लगाएं, गौसेवा करें'



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से विशेष अपील की है। उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर आग्रह किया है कि आगामी 30 अप्रैल को उनके जन्मदिवस पर शहर में बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स नहीं लगाए जाएं।

श्री विजयवर्गीय ने अपने संदेश में कहा, आप सभी मेरे हृदय में बसते हैं। दीवारों पर तस्वीरें लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो राशि पोस्टर और बैनर पर खर्च कर रहे हैं, उसे गौसेवा में लगाना अधिक पुण्य का कार्य होगा। उन्होंने इंदौर स्थित पितृ पर्वत गौशाला, श्रीश्री विद्याधाम गौशाला एवं साईं बाबा मंदिर के समीप स्थित गौशाला सहित शहर की अन्य गौशालाओं में दान करने का अनुरोध किया।

अपने संदेश में मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भी कहा कि शहर की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और अनावश्यक पोस्टर-बैनर लगाने से शहर का सौंदर्य बिगड़ता है। शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि ऐसे प्रचार के माध्यमों से बचा जाए।

गौरतलब है कि मंत्री श्री विजयवर्गीय का तिथि अनुसार जन्मदिवस 30 अप्रैल 2025 को है और इसे लेकर इंदौर सहित अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसी क्रम में कई स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे थे, जिसे देखते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय जी ने यह भावनात्मक अपील की है। उनकी यह पहल न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है, बल्कि पर्यावरण और गौसेवा के प्रति भी उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पंचायतें विकसित होंगी तभी विकसित रीवा का सपना साकार होगा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद पंच-सरपंचों से संवाद का स्वागत योग्य अवसर आया है। जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल की पहल से ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। जिले में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं। बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र तक



टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पंचायत पदाधिकारियों की जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें हल करके पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद और झगड़े से विकास के कार्य संभव नहीं हैं। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। जब हम आम नागरिकों को सुविधाएं देंगे तो व्यवस्था बनाने के लिए टैक्स भी लगाना होगा। पंचायत पदाधिकारियों से मैं लगातार संवाद कर रहा हूँ। ग्राम पंचायत की वास्तविकताओं का मुझे पूरा एहसास है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरपंचों की 15 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। 15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही है। राज्य वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों को 1400 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे बढ़ाकर 6 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। पंचायतों में अब राशि की कोई कमी नहीं है। हम जिस तरह अपने परिवार का वित्तीय प्रबंधन करते हैं उसी तरह ग्राम पंचायत का भी वित्तीय प्रबंधन करना होगा। ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी पंचायतों के विकास की मंशा से कार्य कर रहे हैं। इनमें यदि कोई लापरवाही बरतेगा तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सरपंच और जनपद सदस्य अपनी कठिनाईयों से अवश्य अवगत कराएं। इन कठिनाईयों को दूर करके ही पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कोरोना काल में कार्यों के बंद होने के कारण मजदूरी और मटेरियल के अनुपात में असंतुलन हो गया है। इसे विकासखण्ड स्तर से निर्धारित करके ठीक किया जा रहा है। विकास के कार्य में राशि की कोई कमी नहीं है। भवन विहीन सभी ग्राम पंचायतों को बिना मांगे पंचायत भवन तथा सामुदायिक भवन दिया जा रहा है।

## स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें

भोपाल (आर एन एस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने गार्बेज फ्री सिटी के लिए विजिवल क्लीनेस को और बेहतर बनाने, डिवाइडर, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज से धूल-मिट्टी निरंतर हटवाने, पिकिंग कराकर पन्नी एवं अन्य सामग्री बेहतर ढंग से हटवाने, साफ-सफाई के बाद ढ़ेरियों को तत्काल उठवाने, सी.एण्ड.डी वेस्ट को उठवाकर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने रात्रिकालीन साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने, नालियों की साफ-सफाई कर कचरा/मलमा तत्काल उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने जी.एफसी के लिए सभी तैयारियां बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने और किसी प्रकार की लापरवाही न करने की सख्त हिदायत दी।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शुक्रवार को लिंक रोड नंबर 01, 02 एवं 03, 74 बंगला, बावड़िया, त्रिलंगा, शाहपुरा, गुलमोहर, अरेरा कालोनी, मैनिट आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और वी.सी.के माध्यम से अधिकारियों को स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्रदेश में चावल के परिवहन एवं भंडारण की गुणवत्ता की होगी कड़ी निगरानी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के विभिन्न जिलों के मध्य रेक/एलआरटी के माध्यम से चावल का परिवहन एक निरंतर प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता, गुणवत्ता और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी को कहा है कि पूर्व में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन की जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एसओपी के पालन में प्रेषण अथवा प्राप्तकर्ता जिलों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है, तो इससे अमानक गुणवत्ता के चावल के जमा होने की संभावना बन सकती है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को नुकसान हो सकता है, बल्कि शासन की साख भी प्रभावित हो सकती है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने इस संदर्भ में आयुक्त, खाद्य के स्तर से एक विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह दल रेण्डम आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में चावल के परिवहन और भंडारण की संपूर्ण प्रक्रिया का औचक निरीक्षण करेगा। यह जांच दल संबंधित जिलों द्वारा की गई कार्यवाही का अभिलेखीय परीक्षण करेगा। इसमें प्रेषण व प्राप्ति रजिस्टर, परिवहन अनुबंध, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भंडारण स्थल का भौतिक सत्यापन आदि शामिल होंगे। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने स्पष्ट किया है कि विभाग द्वारा पूर्व में जारी मानक निर्देश एवं एसओपी सभी जिलों के लिए बाध्यकारी हैं। इसमें किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे चावल के प्रेषण और प्राप्ति से जुड़ी कार्यवाहियों को एसओपी के अनुरूप ही निष्पादित करें तथा जांच दल को आवश्यक दस्तावेज एवं सूचनाएं उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें।

मंत्री श्री राजपूत ने अपर मुख्य सचिव खाद्य को यह भी निर्देश दिया है कि जांच दल द्वारा की गई निरीक्षणीय कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत किया जाय, ताकि उसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कोई भी गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि प्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में किए जा रहे सुधारात्मक उपायों के अंतर्गत यह कदम एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिससे शासन की खाद्य नीति और वितरण व्यवस्था को और अधिक भरोसेमंद बनाया जा सकेगा।

## विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी, अधिकारियों को समय पर करना होगा पूरा काम

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया। राज्य मंत्री गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं।

मंत्री गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताईं। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री गौर को लवकुश नगर, समृद्धि परिसर खजूरीकलां के रहवासियों ने बताया कि यहां मौजूद 40 फीट रोड पर बारिश में पानी भर जाता है। रहवासियों ने नाली पर से अतिक्रमण हटा कर सफाई की मांग की। राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों से पानी निकासी की व्यवस्था करने और मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनें छप्पर, दुकानें, चबूतरा, ठेले, गुमठी, गन्ने की चरखी, आईस्क्रीम, प्याज की गाड़ी व अन्य प्रकार की सामग्री का विक्रय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाकर 01 चाय का ठेला जप्त किया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को कटारा गौरीशंकर परिसर, जिंसी चौराहा, ज्योति टाकीज, गोविंदपुरा, न्यू मार्केट टी.टी.नगर, नेहरू नगर, कोटरा, इकबाल मैदान, पीरगेट, मिलेट्री गेट शाहजहांनाबाद, भानपुर, बरखेड़ा पठानी, इंद्रपुरी डीमार्ट, रत्नागिरी से पटेल नगर तक, प्रभात चौराहा मण्डी, आईएसबीटी, करोंद चौराहा, एम.पी.नगर, बोर्ड आफिस, कोलार डीमार्ट, 11 मील ब्रिज, अमलतास, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03 आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से बनें छप्पर, दुकानें, चबूतरें, ठेले, गुमठी, गन्ने की चरखी, आईस्क्रीम, प्याज की गाड़ी व अन्य प्रकार की सामग्री का विक्रय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाया और गोविंदपुरा पानी की टंकी के पास से 01 चाय का ठेला जप्त किया।

निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**आवास प्लस योजना में 27 लाख आवास मंजूर - 6.5 लाख आवासों को भी मिलेगी मंजूरी**

## पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की स्थानांतरण नीति शीघ्र होगी घोषितः मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक कालेज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मेसर्स गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड बैंगलोर के सहयोग से शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण की नीति शीघ्र घोषित होगी। इसके अनुसार ही स्थानांतरण किए जाएंगे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराएं। जिन गांवों में गत वर्षों में पानी का संकट रहा वहाँ हैण्डपंप तथा कुओं में रिचार्ज पिट प्राथमिकता से बनाएं। अभियान में शामिल जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करके निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। अभियान के तहत मनरेगा से मंजूर सभी अधूरे कार्य 15 मई तक पूरे कराएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान से 50 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण कराया जाएगा।



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस योजना से रीवा जिले ही नहीं पूरे विन्ध्य में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। नए पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने के लिए एक लाख 72 हजार परिवार चिन्हित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना से प्रदेश में 27 लाख गरीब परिवारों को आवास मंजूर किए गए हैं। इसके शेष 6 लाख 50 हजार आवास शीघ्र स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवारों को पक्के आवास के लिए सभी एसडीएम प्राथमिकता से जमीन उपलब्ध कराएं। इस योजना से मल्टी स्टोरी आवास भी बनाए जा सकते हैं। पेयजल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिले में औसत से कम वर्षा हुई है। जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट की आशंका हो वहाँ वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध राशि से स्पाट सोर्स पर पानी की टंकी रखकर भी पेयजल की आपूर्ति कराएं। जहाँ जरूरत हो वहाँ तत्काल हैण्डपंपों में सिंगल फेज मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति करें। जल जीवन मिशन की समूह नलजल योजना से जिन गांवों में पानी दिया जा रहा है उनमें पाइप की मरम्मत तथा अन्य कमियाँ दूर कर नियमित रूप से पानी की सप्लाई करें। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन को भी मंजूरी दी गई।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में ग्राम पंचायतें नलजल योजनाओं का सफ्लतापूर्वक संचालन कर रही हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

जबलपुर दिन मंगलवार 22 अप्रैल 2025

दैनिक क्षितिज किरण






भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।

## शांति सभी के लिए हितकर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर जो नजारा पेश आया उसमें एक साथ कई स्थितियां झलकती हैं। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक सदस्य ने स्थगन प्रस्ताव रखा कि सारा काम रोक कर वक्फ अधिनियम पर चर्चा की जाए और इसके विरोध में उसी तरह प्रस्ताव पारित किया जाए जिस तरह तमिलनाडु विधानसभा में किया गया। एक सदस्य ने कहा कि जब 6 फीसद मुस्लिम आबादी वाला तमिलनाडु वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकता है तो मुस्लिम बहुल आबादी वाला जम्मू-कश्मीर क्यों नहीं यानी यहां वक्फ अधिनियम का विरोध मुस्लिम दृष्टिकोण से है। जब जम्मू-कश्मीर भाजपा के विधायक इस तरह के प्रस्ताव का विरोध करते हैं तब यह मामला सीधे-सीधे हिन्दू-मुसलमान का हो जाता है। लेकिन जब नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा चयनित विधानसभा अध्यक्ष पार्टी के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देता और तमिलनाडु की तुलना पर कहता है कि इस समय यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है जबकि तमिलनाडु में उस समय प्रस्ताव पास हुआ था जब मामला न्यायालय में नहीं गया था। लेकिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस और कुछ निर्दलीय मुस्लिम विधायकों ने अध्यक्ष की बात को नकार दिया तो हंगामा यहां तक बढ़ा कि 'भारत माता की जय' और 'अल्लाह हू अक्बर' के नारे लगने लगे, धक्का-मुक्की हुई, हाथापाई भी हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कोशिश यह दिखाई दी कि वह वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए भी दिखाई दें, मगर वास्तव में विरोध नहीं करें। जम्मू-कश्मीर की यह स्थिति मजहब, राजनीति और सत्ता के तेजी से बिगड़ते संतुलन का प्रतीक है।

# अदालतों से फटकार खाकर भी नहीं सुधर रही देश की पुलिस

नेताओं की हाथों की कठपुतली बनी पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह नाकाम रही है। पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधिनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गईं प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।

पुलिस के कुकृत्यों सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकडने के बजाए कई मामलों खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए, जबकि पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारुढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिके रहें। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करें। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारुढ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कोलकाता चिकित्सक के बलात्कार-हत्याकांड की सुनवाई के दौरान कहा था कि कोलकाता पुलिस ने इस मामले को जिस तरह से संभाला, वह कुछ ऐसा है जो उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्षों में नहीं देखा। शीर्ष अदालत ने अप्राकृतिक मौत के मामले के पंजीकरण में देरी की आलोचना की। पुलिस की मौजूदा कार्यप्रणाली को लेकर देश में कई सुधार करने के प्रयास हुए हैं, किन्तु सत्तारुढ़ दलों के नेताओं ने ऐसे प्रयासों को नाकाम करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। स्वतंत्रता के बाद से ही, इस व्यवस्था में सुधार की मांग उठती रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार, अकुशलता और जनता में अविश्वास का कारण बनी हुई है। पुलिस सुधारों के लिए कई आयोगों और समितियों का गठन किया गया। राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और वर्ष 1971 में बनी गोर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें धूल खा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह मामले में पुलिस सुधारों पर कई निर्देश दिए। जिनमें यह भी शामिल था कि राज्य पुलिस प्रमुखों का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा।

## जानें पोप फ्रांसिस से पहले रोमन कैथोलिक चर्च में कितने पोप हुए

पोप फ्रांसिस के पदभार ग्रहण करने से पहले पोप ने सदियों तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया है। कैथोलिक चर्च में 266 पोप हुए हैं। सेंट पीटर, जो यीशु के प्रेरितों में से एक थे, को व्यापक रूप से चर्च के इतिहास में पहला पोप और सबसे लम्बे समय तक सेवा करने वाला पोप माना जाता है।

पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उन्होंने 88 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली है। पोप फ्रांसिस से पहले भी कई पोप हुए है। कैथोलिक चर्च में अब तक कई पोप हो चुके है। पोप फ्रांसिस के निधन से पहले ही जब उनका स्वास्थ्य खराब था तब से ही लोगों के मन में पोप के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा बनी हुई है।

पोप फ्रांसिस के पदभार ग्रहण करने से पहले पोप ने सदियों तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया है। वेटिकन के अनुसार, कैथोलिक चर्च में 266 पोप हुए हैं। सेंट पीटर, जो यीशु के प्रेरितों में से एक थे, को व्यापक रूप से चर्च के इतिहास में पहला पोप और सबसे लम्बे समय तक सेवा करने वाला पोप माना जाता है। इस बीच, पोप फ्रांसिस रोमन कैथोलिक चर्च की सेवा करने वाले 266वें पोप हैं, और उन्होंने 2013 में पोप का पद संभाला था।

उन्होंने पोप बेनेडिक्ट सोलहवें का स्थान लिया, जिन्होंने 2005 से 2013 में इस्तीफा देने तक चर्च का नेतृत्व किया, तथा पोप जॉन पॉल द्वितीय ने 1978 से 2005 में अपनी मृत्यु तक इस पद पर कार्य किया। पोप जॉन पॉल द्वितीय को 2014 में संत घोषित किया गया तथा उनका पर्व 22 अक्टूबर को मनाया जाता है। आप कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने वाले पूर्व पोपों की पूरी सूची भी है।

## राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आज़ादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो आरएसएस के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आज़ाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आरएसएस ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है। हालांकि देश की आज़ादी के संघर्ष के दौर से लेकर आज़ाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे हुए स्वयंसेवक हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहे हैं। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आज़ादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए और केंद्र व राज्यों की सत्ता की कुर्सी हथियाने के लिए ओछी राजनीति करते हुए देश व दुनिया में संघ को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार करने का कार्य तक भी किया है और यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गयी नकारात्मक स्थिति के बाद भी संघ के द्वारा निस्वार्थ भाव से कार्य करना हमेशा जारी रखा गया है। संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली ने कभी भी इस तरह की हालात की परवाह ना करते हुए, राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया है। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त सरकारों के दौर में शासन व प्रशासन के द्वारा बार-बार विकट स्थिति उत्पन्न करने के बावजूद संघ के स्वयंसेवकों ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी, उन्होंने कभी भी राष्ट्र व समाज की सेवा करने के कार्यों को करने से मूंह नहीं मोड़ा, विपरीत से विपरीत स्थिति के बावजूद भी स्वयंसेवक निरंतर देश व समाज के हित के कार्य करने में लगे रहे।

## श्रापित गर्भ

अभिलाषा श्रीवास्तव

अक्सर घरों में किसी के निधन के बाद उसकीं पुण्यतिथि मनाई जाती हैं और सार्मथ्य अनुसार दान-पुण्य किया जाता हैं ताकि आत्मा को शांति मिले मगर हर तबका मे एक मृत्यु के बाद ना तो पुण्यतिथि मनाई जाती हैं न ही आंशू बहाई जाती हैं और ना ही दान पुण्य होता है क्योंकि मृतक माँ के कोख में ही दम तोड़ देतीं हैं बात कड़वी हैं लेकिन 100त्न सही है जी हाँ मैं बात कर रहीं हूँ माँ के उस गर्भ की जो पुत्र मोह के लिए पुत्री के हत्या से रंग जातें हैं कहते है कंस अपनी बहन के बच्चों का हत्या जन्म के बाद कारागार में करता रहा क्योंकि उसे डर था अपने प्राणों की मगर माँ के गर्भ गृह में मारने वाला कंस कौन हैं वह भी अपने अबोध अंश का उसे किसी का डर नहीं बस पुत्र रत्न प्राप्ति की अभिलाषा और यही से शुरू होने लगता है पाप-पुण्य का वह खेल जो मानव रुपी पिता से वह अपराध करवाने लगता है जो ना चाह कर भी माता पिता कर बेठते है खैर मेरा काम था लिखना क्योंकि गीता -कुरान बाकी धार्मिक किताबों में केवल लिखा गया है बाकी तो सभी समझदार हैं ही अपने आंगन के नन्ही दूब को फैलने दे कोई फर्क नहीं पड़ता समाज को की आपके घर बेटा है या बेटी

## जलवायु संकट की चुप्पी में दबी औरतों की पुकार

जब हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है. परंतु इसके मानवीय चेहरे - विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों - को अक्सर भुला दिया जाता है. 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई जेंडर न्यूट्रल आपदा नहीं है. इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं. भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले से ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं. जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता है - कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के ज़हरीले मिलन के रूप में. बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है, बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है. ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही सीमित हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है. रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं. यह केवल एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके शरीर से जुड़ी स्वायत्तता और गरिमा पर एक हमला है. बांझपन, जटिल प्रसव, और गर्भधारण में कठिनाइयाँ अब सामान्य सी समस्याएं बनती जा रही हैं - और इनके पीछे जलवायु से जुड़ी असुरक्षा की स्पष्ट छाया है.

भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं, लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं. जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है - तो सबसे पहले और सबसे यादा झटका इन महिलाओं को लगता है. बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है, बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है. खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज़ का एक और फेरा. जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा. बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33त्न की गिरावट आई. यह न केवल आर्थिक नुकसान है,

## व्यंग्य: डर बिकता है

विवेक रंजन श्रीवास्तव

हारर फिल्मों में डर का उत्पादन एक फैक्ट्री की तरह होता है—एकदम फॉर्मूला बेस्ड डर, जैसे स्कूल में पीरियड के लिए घंटी बजते ही सारे बच्चे अनुशासन में आ जाते थे, वैसे ही इन फिल्मों में डराने के लिए पत्तों की सरसराहट और बिजली की कड़कड़ होती है। निर्देशक की सोच किसी भूतिया हवेली में जाती है, वहां कैमरा पहुंचते ही पत्ते सरसराने लगते हैं । दरवाजा चूं चरर चूं की आवाज करता है और प्रकाश मद्धिम होता है, मकड़ी के जाले, धूल बोनस में मिलते हैं, पर एक चौकीदार हवेली में जाने किसकी तीमारदारी के लिए सुलभ मिलता है।

भूत का भय भूत से बड़ा होता है। डर ही पैदा करना है , तो सीधे भूत को सामने लाइए, ये पेड़ों में लटकाकर भूत को सजा देने मुझे क्या तुक है? और बारिश, हर भूतिया कहानी में बारिश होती ही है? क्या भूतों का मौसम विभाग से कोई अनुबंध है? जहां डर की आवश्यकता हो, वहां तुरंत घनघोर घटा , आंधी आ जाती है। बिजली गायब हो जाती है और आती है, व्हाया आसमान , लरजती चमकती कड़कती है, जैसे किसी पुराने बिजली विभाग के कर्मचारी ने आसमान में एक्स्ट्रा ओवरटाइम लगाया हो।

## गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है पर वास्तव में इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है।

अब इसका शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए या बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये कि राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए मांगे गये आवेदन में 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है वहीं इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में पीएच. डी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी षिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल है। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, आरएएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक रोजमर्रा की भाषा में कहें तो चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे हैं। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर देती हैं। आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं और चपरासी के पद के लिए योग्य है तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती पर फिर सीधा सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम है पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही। इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती है। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडी क्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है पर वास्तव में इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती है तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है, दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है जिससे दोहरा नुकसान होता है एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बातें हैं और लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांष चयनित उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं और उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रुप में ली जाने लगी। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए और रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुई जो बोझ बनकर ही रह गई। यह वास्तविकता का एक पक्ष है दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए। सवाल यह उठता है कि बीटेक व्यक्ति को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह है कि जिस तरह से निजी क्षेत्र में नए नए इंजीनियरिंग कालेज, एमबीए कालेज खोले गये और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में दिन व्यतीत होगा। आज आपको स्वयं पर भरोसा रखना होगा। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में ध्यान देने की जरूरत है। आज उत्तम स्थिति बनी हुई है लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम हासिल होंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें। अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को अहमियत दें। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने से उनका मनोबल बढ़ेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज खास कार्य पूरा होने से आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज अपने बारे में सोचे और अपने लिए ही काम करें।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन लाने वाली है। इस समय व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए नया प्लान बनाएंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करेंगे। मन मुताबिक परिणाम मिलने से मन में खुशी रहेगी। युवाओं को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी दोस्त से खुशखबरी मिलने वाली है। आज आपको ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा,

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। आज आप व्यापार में प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर चल रही समस्या का समाधान मिलेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे



योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर धार्मिक महाकुंभ मेले को राजनीतिक तमाशा बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन को बेहद खराब तरीके से प्रबंधित किया गया और इसे पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए फिर से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यहां तक ??संकेत दिया कि इस उत्सव में अगले प्रधानमंत्री की घोषणा करने की योजना थी।



# हम इस तरह नहीं जी सकते', दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद में एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष के सामने रो पड़ीं महिलाएं

कोलकाता (आरएनएस) । पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक धुलियान की महिलाओं ने केंद्र से हिंसा प्रभावित इलाकों में स्थायी रूप से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविर स्थापित करने का आग्रह किया है, ताकि सांप्रदायिक अशांति के बाद उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अपनी अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलने के लिए धुलियान का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान कई महिलाएं रो पड़ीं और केंद्रीय बलों की स्थायी तैनाती की गुहार लगाई।

एक महिला ने रोते हुए और प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य के पैर छूते हुए कहा कि हम यहां स्थायी बीएसएफ शिविरों के बिना जीवित नहीं रह सकते। यदि आवश्यकता हुई, तो हम उन्हें स्थापित करने के लिए अपनी जमीन और घर देने के लिए तैयार हैं। एनसीडब्ल्यू की टीम ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंचाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने महिलाओं से कहा कि इस संकट की घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं। पूरा देश आपको देख रहा है और आपका समर्थन कर रहा है। हम केंद्र को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे और इस क्षेत्र में बीएसएफ की स्थायी उपस्थिति की मांग भी शामिल करेंगे।

शनिवार के दौरे से पहले ही, एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने क्षेत्र में स्थायी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) शिविरों की आवश्यकता पर जोर दिया था। मजूमदार ने शुक्रवार को कहा था कि मुर्शिदाबाद में पीड़ित महिलाओं ने अपनी गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीएपीएफ की स्थायी तैनाती की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। हम इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

इस बीच, मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन ने संपत्ति के नुकसान पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है। शुरुआती अनुमानों के अनुसार, अशांति के दौरान 250 से अधिक घरों और 100 दुकानों में तोड़फोड़ की गई। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी ने कहा कि यह सिर्फ शुरुआती अनुमान है। विस्तृत आकलन पूरा होने पर वास्तविक आंकड़ा बढ़ सकता है।

**19 साल बाद फिर एकसाथ आ सकते हैं उद्धव और राज ठाकरे, बोले झगड़े से जरूरी महाराष्ट्र**

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। खबर ये है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हितों के लिए अपने बीच मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की इच्छा जताई है। राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे को साथ आने का प्रस्ताव दिया है।

मनसे प्रमुख ने कहा है कि महाराष्ट्र और मराठियों के अस्तित्व के आगे उद्धव और उनके झगड़े बहुत छोटे हैं। महाराष्ट्र बहुत बड़ा है। उनके लिए उद्धव के साथ आना और साथ में रहना कोई मुश्किल काम नहीं हैं। राज ठाकरे ने ये बात फिल्म निर्देशक महेश मांजरेकर के साथ किए पॉडकास्ट के दौरान कही। राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को साथ आने का प्रस्ताव देते हुए अपनी तरफ से ये साफ कर दिया कि उद्धव के साथ आने में उनको कोई परेशानी नहीं है। महाराष्ट्र के लिए दोनों एक साथ आ सकते हैं।

राज ठाकरे के साथ आने के प्रस्ताव पर उद्धव ठाकरे का भी बयान सामने आया है। उद्धव का कहना है कि उनकी तरफ से कोई झगड़ा नहीं था। महाराष्ट्र के हित के लिए वे साथ आने को तैयार हैं। उद्धव ठाकरे भी भाई राज ठाकरे के प्रस्ताव से सहमत दिखाई दे हैं। उन्होंने मिलकर काम करने के संकेत दिए हैं। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र की भलाई के लिए वह छोटे-मोटे झगड़ों को छोड़कर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।



जयपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप दर्ज किए जाने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में %जनता दर्शन% में आए लोगों से मुलाकात की.

# मिथुन चक्रवर्ती ने बंगाल पुलिस को बताया 'मूकदर्शक', बोले- 'दंगाग्रस्त इलाकों का तमाशा देख चुपचाप लौट रही'

कोलकाता (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल पुलिस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्हें 'तमाशबीन' बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हालात बेहद चिंताजनक हैं और पुलिस महज कुर्सी लगाकर तमाशा देख वापस लौट रही। मिथुन चक्रवर्ती ने बंगाल पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाया। उन्होंने कहा, पुलिस सिर्फ फंक्शन देखने आती है। जहां दंगे हो रहे होते हैं, वहां कुर्सी लगाकर तमाशा देखती है और फिर चुपचाप वापस चली जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस की भूमिका अब कानून व्यवस्था संभालने की नहीं रह गई, बल्कि मूकदर्शक बनने की हो गई है।

मिथुन ने वक्फ को लेकर प्रदेश सरकार के रवैये को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा , उन्होंने वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर कहा कि हिंदुओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। मुस्लिम समाज के नाम पर जिन जमीनों को वक्फ संपत्ति बताया जा रहा है, उन्हें नेताओं ने कब्जा कर लिया है। कहीं गोदाम बना दिए, कहीं किराए पर चढ़ा दिए, और उस पैसे से अपनी ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। अगर इन संपत्तियों का कुछ हिस्सा मुस्लिम भाइयों या उनकी बहनों को मिल जाता, तो कोई समस्या नहीं थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा। नतीजा यह है कि आम हिंदू परिवार बेघर हो रहे हैं, और ट्रांजिट कैंपों में खिचड़ी खा रहे हैं। दावा किया, अगर मुख्यमंत्री चाहें तो एक दिन में हिंसा पर काबू पाया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा क्योंकि जिन लोगों की मदद से सरकार बनी है, उन्हीं को संतुष्ट रखने की कोशिश हो रही है। बंगाल में अब सनातनी, सिख और ईसाई समुदाय के लोग तृणमूल को वोट नहीं देते, इसलिए जो उनका 'वोट बैंक' है, उन्हें खुश रखना सरकार की प्राथमिकता बन गई है इसलिए अपराधियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही। बंगाल में अब हिंदू शरणार्थी बन गए हैं। राज्य में दादागिरी का बोलबाला है और हर जगह एक अघोषित डर का माहौल है। हम कोई दंगा-फसाद नहीं चाहते। हमने पहले ही कहा था कि फेयर इलेक्शन कराइए, लेकिन वो भी नहीं होने दिया गया।

जब मिथुन से पूछा गया कि क्या बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, तो उन्होंने बेझिझक कहा कि अगर ऐसी स्थिति चलती रही, तो राष्ट्रपति शासन लगाना ही पड़ेगा। उन्होंने गृहमंत्री से अपील की कि कम से कम चुनाव के दो महीने पहले आर्मी को राज्य में तैनात किया जाए, ताकि निष्पक्ष चुनाव हो सके। मिथुन ने यह भी कहा कि चुनाव के नतीजे आने के बाद भी सेना की मौजूदगी जरूरी है, क्योंकि अगर मौजूदा सरकार फिर जीतती है, तो एक बार फिर हिंसा का दौर शुरू हो सकता है।

## प्रयागराज के टेंट गोदाम में लगी भीषण आग, दूर से नजर आ रही लपटें

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के शास्त्री ब्रिज के पास लल्लू एंड सन्स टेंट हाउस में शनिवार को भीषण आग लग गई है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया है।

फायर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हमें सूचना मिली कि लल्लू के गोदाम में आग लग गई है। तो वहां जितने भी टैंकर खड़े थे, सभी को रवाना किया गया है। आग की विकरालता को देखते हुए प्रयागराज में नैनी, हंडिया, सोरांव, प्रतापगढ़, कौशांबी समेत अगल-बगल के जिलों से फायर के टैंकर मंगाए गए हैं। डिफेंस के टैंकर भी मांगे गए हैं। आग बहुत ज्यादा है। इसको शील्ड लगाकर बुझाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भयंकर आग के कारण इसको बुझाने दौरान भी कई लोग झुलस गए हैं। आग बुझाने का काम जारी है। गोदाम में लापरवाही देखी गई है, जहां ओवरफ्लो माल भरा था। कई सिलेंडर भी रखे थे, जो कि ब्लास्ट हुए हैं। इस कारण आग और बढ़ गई है। गोदाम में की गई लापरवाही के लिए बाद में कार्यवाही भी की जाएगी। फिलहाल आग बुझाई जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए पानी की गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं।



प्रयागराज के परेड ग्राउंड में संगम के पास लल्लू जी टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने के बाद दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते हुए।

## अमेरिका और पेरु की यात्रा पर जाएंगी वित्त मंत्री सीतारमण, आईएमएफ-विश्व बैंक की बैठकों में होंगी शामिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को अमेरिका और पेरू की यात्रा पर रवाना होंगी। अमेरिका प्रवास के दौरान वह वाशिंगटन डीसी में आईएमएफ-विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों में भी शामिल होंगी। उनके अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की भी उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अपने अमेरिका प्रवास के पहले चरण में निर्मला सीतारमण 20 अप्रैल को सैन फ्रांसिस्को पहुंचेंगी। दूसरे चरण में वह 22 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होंगी। सैन फ्रांसिस्को में वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव रखना' विषय पर बोलेंगी। इसके बाद, एक फायरसाइड चैट सत्र में हिस्सा लेंगी। वित्त मंत्री निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ वार्ता करेंगी। इसके अलावा, वह सैन फ्रांसिस्को में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की शीर्ष कंपनियों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मूल के लोगों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में वहां बसे भारतीय समुदाय के लोगों से भी बात करेंगी।

# ब्राह्मणों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। मशहूर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ ब्राह्मण समुदाय को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह मामला दिल्ली के तिलक मार्ग थाने में उज्ज्वल गौड़ नामक व्यक्ति ने दर्ज कराया है। गौड़ ने अपनी शिकायत में कहा कि अनुराग कश्यप की टिप्पणी न केवल घिनौनी और अशोभनीय है, बल्कि समाज में नफरत फैलाने, सार्वजनिक शांति भंग करने और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देने वाली है। यह विवाद बुधवार को तब शुरू हुआ जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी आलोचना की। गौड़ ने इसे ब्राह्मण समुदाय के आत्मसम्मान पर सीधा हमला बताते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद शुक्रवार को अनुराग कश्यप ने इस टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह मेरी माफी है, मेरे पोस्ट के लिए नहीं, बल्कि उस एक पंक्ति के लिए जिसे संदर्भ से काटकर पेश किया गया और जिसके चलते घृणा फैल रही है। कोई भी बात या बयान इस लायक नहीं कि आपके परिवार, दोस्तों, बेटियों को बलात्कार और जान से मारने की धमकी मिले। कश्यप ने अपनी पोस्ट में आगे कहा, जो कहा गया है, वो वापस नहीं लिया जा सकता और मैं उसे वापस नहीं लूंगा। आप मुझे गाली दीजिए,

## वेतन में हुई कटौती का सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने मालिक से लिया ऐसा बदला, अब पुलिस तलाश में जुटी

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के जुहू इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां सिक्योरिटी सुपरवाइजर राजेंद्र पंढारकर ने अपने मालिक से सैलरी कटौती का बदला लेने के लिए 14 साल के पालतू डॉग प्रिक्सी का अपहरण कर लिया। प्रिक्सी पोमेरेनियन नस्ल का है। वह जुहू की एक इमारत में रहने वाले अदिति जोशी के परिवार का प्यारा सदस्य है। जुहू पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है, जो फिलहाल फरार है।

पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय पंढारकर एक प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में सुपरवाइजर था और उसकी मासिक सैलरी 25,000 रुपये थी। पिछले महीने कॉन्ट्रैक्टर के साथ विवाद के बाद उसकी सैलरी से 4,000 रुपये काट लिए गए। नाराज पंढारकर ने कॉन्ट्रैक्टर से कई बार बात की, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उसने प्रिक्सी को अगवा करने की साजिश रची। घटना 15 अप्रैल की सुबह 8 बजे की है। जोशी परिवार ने रोज की तरह प्रिक्सी को टहलाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को सौंपा था।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित हज भवन में हज यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया.

# भाषा के प्रति नफरत अनुचित, गुड गवर्नेंस वही जो संविधान के अनुसार चले : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आजकल चल रहे भाषा विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाषा के प्रति नफरत अनुचित है।

बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा और आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के चलते इन राज्यों व केंद्र के बीच राजनीतिक स्वार्थ के लिए विवाद से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गुड गवर्नेंस वही है जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। मायावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियां अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी व स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं, सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित है। इसके पहले उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि विदित है कि अन्य पार्टियों की तरह आए दिन सपा द्वारा भी पार्टी के ख़ासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है।

उन्होंने आगे लिखा कि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से जरूर बचना चाहिए। ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय यदि वे अपने समाज के संतों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाइयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताएं तो यह उचित होगा,



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2 के लिए रविवार का दिन अच्छा रहा, क्योंकि फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ। फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला। वहीं, सनी देओल की जाट को भी छुट्टी का फायदा मिला। हालांकि, दूसरी तरफ गुड बैड अग्ली और ओडेला 2 की कमाई न तो बढ़ी और न ही घटी। पढ़ें रविवार को इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया।दिन 1 ( शुक्रवार ) - ?7.75 करोड़ दिन 2 ( शनिवार ) - 9.75 करोड़ दिन 3 ( रविवार ) - ?12.25 करोड़ कुल ( पहला वीकेंड ) - ?29.75 करोड़ फिल्म को 1700 स्क्रीन पर सीमित रिलीज किया गया था



# राशा ठडानी का फेयरीटेल लुक वायरल, तस्वीरें देख फैंस बोले - इतनी खूबसूरत कैसे हो सकती हो

बॉलीवुड में 'आज़ाद' फिल्म से डेब्यू करने वाली राशा ठडानी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. हाल ही में राशा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वे स्काई ब्लू कलर के रफल गाउन में किसी फेयरीटेल प्रिंसेस से कम नहीं लग रहीं. इन तस्वीरों के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा- परीकथा फुसफुसाहट और फिर क्या था, फैंस और सेलेब्स दोनों ही तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए. भूमि पेडनेकर ने रेड हार्ट इमोजी भेजा, वहीं तमन्ना भाटिया ने प्रिंसेस इमोजी से अपनी प्रतिक्रिया दी. अभिनेत्री सई मांजरेकर ने उन्हें क्यूटी कहा और तान्या चौधरी ने लिखा ङ्क कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है.



राशा की यह पोस्ट अब तक लाखों लोगों द्वारा पसंद की जा चुकी है और इसे तमाम सेलेब्स और फॉलोअर्स से पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहे हैं. बता दें कि राशा, अभिनेता रवीना टंडन की बेटी हैं. उनकी यह फोटोज़ सिर्फ एक फोटोशूट नहीं, बल्कि इंडस्ट्री में उनके आने वाले सफर का एक झलक भी है.

**कमल हासन की ठग लाइफ का पहला गाना जिंगुचा जारी, 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म**

कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ रिलीज होने वाली है। चेन्नई में इस फिल्म की पहली प्रेस मीट हुई। प्रेस मीट में अभिनेता कमल हासन, निर्देशक मणिरत्नम और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहुंचे। फिल्म का पहला गाना जिंगुचा लॉन्च किया गया। ठग लाइफ पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर महेंद्रन और शिवा अनंत निर्मित ठग लाइफ में कई बेहतरीन कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म में कमल हासन के अलावा सिलाम्बरासन, त्रिषा कृष्णन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी हैं। इसके म्यूजिक कंपोजर ए आर रहमान हैं। आपको बता दें कि इस फिल्म का एलान नवंबर 2022 में किया गया था। यह कमल हासन की बतौर लीड एक्टर 234वीं फिल्म है। पिछले महीने कमल हासन, ए आर रहमान और मणिरत्नम को एक साथ देखा गया

## सूर्या की फिल्म रेट्रो का गाना द वन रिलीज, 1 मई को होगी रिलीज

निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज की आगामी एक्शन फिल्म रेट्रो के निर्माताओं ने फिल्म का गाना द वन रिलीज कर दिया। गाने के रिलीज होने के बाद फैंस और फिल्म प्रेमी काफी खुश हैं। फिल्म में सूर्या और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं।

निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने एक्स पोस्ट में लिखा, वह गाना, जिसे मैं आप सभी को दिखाने के लिए इंतजार कर रहा था, वह आ गया है..

वन गाना रेट्रो में सूर्या के किरदार को समर्पित लगता है और इसमें एक प्रेरणादायक स्वर है। गाने में कुछ खूबसूरती से शूट किए गए दृश्य हैं, जो इसके साथ चलते हैं। सिड श्रीराम और संतोष नारायणन द्वारा गाए गए इस गाने को संतोष नारायणन ने ही ट्यून किया है और इसके बोल विवेक ने लिखे हैं।

# श्रद्धा कपूर ने तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे से मिलाया हाथ, एकता कपूर करेंगी निर्माण

अभिनेत्र श्रद्धा कपूर की गिनती बॉलीवुड की बेहतरीन और खूबसूरत अभिनेत्रियों में होती हैं। वह पिछली बार फिल्म स्त्री 2 में नजर आई थी। कोई शक नहीं कि इससे उनके करियर को रफ्तार मिली, वहीं श्रद्धा की लोकप्रियता में भी जबरदस्त इजाफा हुआ। इसके बाद से ही प्रशंसक श्रद्धा की आगामी फिल्म की राह देख रहे हैं।

अब अभिनेत्री ने पहली बार साल 2018 में आई सुपरहिट फिल्म तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे से हाथ मिलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे की अगली फिल्म की श्रद्धा हीरोइन बन गई हैं। एकता कपूर इस फिल्म पर पैसा लगाने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म की निर्माता होंगी। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और श्रद्धा फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इस साल के मध्य तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। श्रद्धा जल्द ही फिल्म नागिन में भी नजर आने वाली हैं। निर्माता निखिल द्विवेदी की इस फिल्म को लेकर श्रद्धा बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।



इसके अलावा श्रद्धा के पास मोहित सूरी की आगामी फिल्म भी है। इस फिल्म में श्रद्धा जाने-माने अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी।

आशिकी 2 के बाद यह दोनों के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## धनुष की इडली कढ़ाई की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर आया सामने

निर्देशक धनुष की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर इडली कड़ाई के निर्माताओं ने घोषणा की कि यह फिल्म इस साल 1 अक्टूबर को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्स हैंडल पर फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस वंडरबार फिल्म्स ने लिखा, इंतजार खत्म हुआ!

1 अक्टूबर से दुनिया भर में बड़े पर्दे पर इडली कढ़ाई आ रही है! निर्माता आकाश भास्करन की डॉन पिक्चर्स वंडरबार फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण कर रही है। फिल्म के निर्माताओं ने पहले घोषणा की थी कि फिल्म इस साल 10 अप्रैल को दुनिया भर में स्क्रीन पर आएगी। हालांकि, उन्होंने रिलीज की तारीख की घोषणा किए बिना रिलीज को स्थगित करने का फैसला किया। इस घोषणा के बाद एक साक्षात्कार में आकाश भास्करन ने कहा कि फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा रहा है क्योंकि फिल्म का 10 प्रतिशत हिस्सा अभी भी शूट किया जाना बाकी है। उन्होंने बताया, हमें इसे विदेश में शूट करने की जरूरत है। यह एक कॉम्बिनेशन सीन है जिसमें नित्या मेनन, अरुण विजय, राजकिरण, पार्थिबन और सभी कलाकार होंगे। सभी कलाकार एक ही तारीख पर उपलब्ध नहीं थे और इसी वजह से हम इस सीन को शूट नहीं कर पाए। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते थे क्योंकि फिल्म वास्तव में अच्छी बनी है। यह कहते हुए कि यह हिस्सा जल्द ही पूरा हो जाएगा, आकाश भास्करन ने कहा था कि निर्माता जल्द ही फिल्म के लिए रिलीज की नई तारीख की घोषणा करेंगे। निर्माताओं ने 1 अक्टूबर को रिलीज की नई तारीख की घोषणा की है। सूत्रों का कहना है कि अरुण विजय फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और धनुष और अरुण विजय के बीच आमना-सामना रोमांचक होगा। निर्माताओं ने यह भी पुष्टि की है कि शालिनी पांडे फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। 'इडली कढ़ाई' में धनुष और नित्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं, जिसका निर्देशन धनुष खुद कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण धनुष की वंडरबार फिल्म्स और डॉन पिक्चर्स ने संयुक्त रूप से किया है।

## जाट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 8: देवा के कुल कलेक्शन को छोड़ा पीछे, अब केसरी चैप्टर 2 से होगी सनी देओल की फिल्म की टक्कर

सनी देओल की जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, 9.5 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत करने वाली जाट ने 8 दिनों में ही शाहिद कपूर की देवा को मात दे दी है. एक हफ्ते के कलेक्शन के साथ ही जाट ने देवा के लाइफटाइम को पीछे छोड़ दिया है. वहीं आज 18 अप्रैल को अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 रिलीज हो गई है जिससे फिल्म की टक्कर होगी. आइए जानते हैं फिल्म का अब का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन.

मीडिया ट्रेकर सैकनिल्क के अनुसार सनी देओल स्टारर एक्शन ड्रामा ने 8वें दिन 4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है इसी के साथ फिल्म का आठ दिनों का कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपये हो गया है. पहले दिन जाट ने 9.50 करोड़ के साथ खाता खोला था जिसके बाद दूसरे दिन 7 करोड़, तीसरे दिन 9.75 करोड़. चौथे दिन 14 करोड़, पांचवें दिन 7.25 करोड़, छटवें दिन 6 करोड़, सातवें दिन 4 करोड़ और आठवें दिन 4 करोड़ रुपये की कमाई की है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 76 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. जाट ने अपने आठ दिनों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ ही शाहिद कपूर की देवा के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. देवा का लाइफटाइम कलेक्शन 59 करोड़ रुपये था. सैकनिल्क के मुताबिक इसे मात देते हुए जाट ने 61.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. वहीं मेकर्स के मुताबिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म एक हफ्ते में 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है. मैथ्री मूवी मेकर्स ने फिल्म का 7 दिन के कलेक्शन का आंकड़ा शेयर किया जिसके मुताबिक फिल्म ने 7 दिन में 70.4 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. अब तक जाट के सामने हिंदी में कोई स्ट्रांग कॉम्पिटिशन नहीं था. साउथ की गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को जाट के साथ ही रिलीज हुई थी. लेकिन इसका जाट के कलेक्शन पर कोई खास असर नहीं पड़ा लेकिन अब हिंदी मूवी केसरी चैप्टर 2 आज यानि 18 अप्रैल से सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. इससे जाट को कड़ी टक्कर मिल सकती है और इसके बॉक्स ऑफिस पर भी असर पड़ सकता है. हालांकि यह तो वक्त ही बताएगा कि केसरी चैप्टर 2 सनी देओल की जाट को कड़ी टक्कर दे पाएगी या नहीं लेकिन दोनों की कमाई पर जरुर असर पड़ सकता है. सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की एक्शन फिल्म जाट सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है. वहीं रिलीज के एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने 17 अप्रैल को इसके सीक्वल का अनाउंसमेंट कर दिया है. गुरुवार को मैथ्री मूवी मेकर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर जाट 2 के पोस्टर के साथ इसका एलान किया है और कैप्शन लिखा, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद जाट अभी रुका नहीं है. वह एक नए मिशन पर हैं. इस बार, मास फेस्ट बड़ा, बोल्ड और ज्यादा वाइल्ड होगा. जाट में सनी देओल लीड रोल में हैं उनके साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, रेजिना कैसांड्रा, सैयामी खेर, विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला, राम्या कृष्णन, जगपति बाबू जैसे बेहतरीन कलाकारों ने काम किया है.

## दिलचस्प कर्मण्ये वाधिकारस्ते का टीजर रिलीज

कर्मण्ये वाधिकारस्ते समकालीन अपराध जगत की घटनाओं पर आधारित एक फिल्म है, जिसमें एक विविध कथानक है। कथानक पुलिस अधिकारियों की एक टीम के इर्द-गिर्द घूमता है, जो कर्तव्य को अपना देवता मानते हैं और वे इस अपराध जगत में होने वाली घटनाओं का सामना कैसे करते हैं। अमर दीप चल्लापल्ली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में अपनी निर्देशन शैली से प्रभावित किया है। डीएसएस दुर्गा प्रसाद ने उषास्विनी फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया है। मार्तंड के. वेंकटेश संपादक हैं। भास्कर समाला ने छायांकन का काम संभाला। ज्ञानी ने संगीत तैयार किया। शिव कुमार पेल्लुरु ने कहानी और संवाद प्रदान किए। शत्रु, ब्रह्माजी और मास्टर महेंद्रन मुख्य भूमिकाएँ निभाते हैं, जबकि पृथ्वी, शिवाजी राजा, श्री सुधा, बनर्जी, अजय रत्नम और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देते हैं।

# रोजाना हेयर सीरम लगाने से क्या होता है?

हर किसी के बाल का टेक्सचर, नेचर और उसकी क्वालिटी अलग होती है. अपने-अपने बालों की क्वालिटी के हिसाब से लोग हेयर केयर करते हैं. जो चीज एक के लिए काम करे, जरूरी नहीं कि वो दूसरे पर भी करे. हैरान करने वाली बात यह है कि ये फैक्ट शैम्पू और कंडीशनर तक पर लागू होता है. घर में जिन शैम्पू और कंडीशनर का हम इस्तेमाल करते हैं, वो सैलून जैसा स्मूद फिनिश नहीं दे पाते. ऐसे में हेयर सीरम क्या कमाल दिखा सकता है ये जानना बेहद जरूरी है. तो आइए जानते हैं कि हेयर सीरम इस्तेमाल करने से आपको कौन- कौन से फायदे हो सकते हैं.



हेयर सीरम क्या होता है?

हेयर सीरम एक लाइटवेट और सिलिकॉन-बेस्ड लिक्विड होता है, जो बालों को सॉफ्ट शाइन फिनिशिंग देता है. इसे लगाने से बालों की फ्रिजीनेस कम होती है और यह बालों को एनवायरनमेंटल डैमेज से भी बचाता है. लेकिन इसका पूरा काम क्या है? हर किसी को इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है. हेयर सीरम के काम को अगर आसान भाषा में समझें, तो यह बिल्कुल तेल की तरह ही काम करता है. बस हेयर ऑयल जहां बालों के अंदर तक जाकर इसे पोषण पहुंचाता है, वहीं महिलाओं के लिए हेयर सीरम बालों के ऊपर ही रहकर उन्हें तुरंत स्मूद, शाइनी और फ्रिज फ्री बनाता है.

हेयर सीरम के फायदे

बालों में स्मूदनेस और शाइन लाता है

सीरम का सबसे लोकप्रिय और आवश्यक फायदा यही है कि ये बालों को स्मूद और ग्लॉसी बनाता है. इसमें मौजूद सिलिकॉन बालों की लेयर को चिकना करते हैं, जिससे बालों पर लाइट रिफ्लेक्ट होती है और वो हेल्दी और चमकदार दिखते हैं.

एक स्टडी के मुताबिक, सिलिकॉन-बेस्ड प्रोडक्ट्स बालों की शाइन और मैनेजमेंट को टेम्परारी रूप से सुधार सकते हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए.

फ्रिजी बालों को कंट्रोल करता है नमी भरे मौसम में बालों का फ्रिजी होना आम बात है, खासकर घुंघराले या रूखे बालों में. हेयर सीरम एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाता है जो नमी को अंदर लॉक करता है और बाहर की ह्यूमिडिटी को दूर रखता है. आप जानना चाहते हैं कि सर्वश्रेष्ठ हेयर सीरम कैसे लगाया जाए ताकि फ्रिजी हेयर कंट्रोल हो, तो बस ये ध्यान रखिए कि सीरम हमेशा हल्के गीले बालों पर लगाना चाहिए, न कि पूरी तरह सूखे, या बहुत गीले बालों पर. हीट प्रोटेक्शन भी देता है (कुछ सीरम में) कुछ हेयर सीरम इस तरह बनाए जाते हैं कि वो स्ट्रेटनर, कर्लिंग आयरन और ब्लो-ड्रायर जैसे हीट टूल्स से बालों को प्रोटेक्ट कर सकें. एक रिपोर्ट के मुताबिक, हीट टूल्स से बालों की प्रोटीन डैमेज और क्यूटिकल ब्रेक हो सकता है. ऐसे में सीरम लगाकर आप अपने बालों को हीट प्रोटेक्शन दे सकते हैं. उलझे बालों को सुलझाने में मदद करता है रूखे और डैमेज्ड बाल जल्दी उलझते हैं. ऊपर से कंघी करने के दौरान इनके टूटने का खतरा ज्यादा होता है. हेयर सीरम बालों में एक हल्की सी स्लिपनेस लाता है जिससे बाल आसानी से सुलझ जाते हैं और टूटने की संभावना कम हो जाती है.

# लकड़ी के बर्तनों की चमक बरकरार रखने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

लकड़ी के बर्तन रसोई में एक खास आकर्षण जोड़ते हैं और उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। अक्सर लोग इन्हें साफ करने के लिए साबुन का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे इनकी चमक फीकी पड़ जाती है।



इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सरल और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लकड़ी के बर्तनों को न केवल साफ कर सकते हैं, बल्कि उनकी चमक भी बरकरार रख सकते हैं। आइए जानते हैं।

ताड़ के तेल का करें इस्तेमाल

ताड़ का तेल एक प्राकृतिक तेल है, जो लकड़ी के बर्तनों की देखभाल के लिए बहुत अच्छा होता है।

इसे बर्तनों पर हल्के हाथों से लगाएं और कुछ समय बाद उन्हें मुलायम कपड़े से पोछ दें। इससे बर्तन न केवल साफ होते हैं, बल्कि उनमें नमी भी बनी रहती है और वे टूटते भी नहीं हैं।

ताड़ के तेल से बर्तनों की चमक भी बरकरार रहती है, जिससे वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

जैतून का तेल भी है उपयोगी

जैतून का तेल भी लकड़ी के बर्तनों की देखभाल के लिए अच्छा होता है। इसे भी हल्के हाथों से बर्तनों पर लगाएं और कुछ मिनट बाद मुलायम कपड़े से पोछ दें। जैतून का तेल न केवल बर्तनों को साफ करता है, बल्कि उन्हें नमी भी देता है और उनकी चमक भी बनाए रखता है। इससे बर्तन लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं और उनकी उम्र भी बढ़ती है।

सिरका है अच्छा विकल्प

सिरका एक प्राकृतिक सफाई करने वाला है, जो लकड़ी के बर्तनों को गंदगी से दूर करता है।

एक भाग सिरके को दो भाग पानी में मिलाकर घोल बनाएं, फिर इसे स्प्रे बोतल में भरकर उपयोग करें। इस घोल को बर्तनों पर छिड़कें और कुछ मिनट बाद मुलायम कपड़े से पोछ दें।

सिरका से न केवल गंदगी हटती है, बल्कि कीटाणु भी खत्म होते हैं, जिससे बर्तन लंबे समय तक साफ-सुथरे रहते हैं और उनकी चमक भी बनी रहती है।

गर्म पानी का करें प्रयोग

गर्म पानी का उपयोग करके भी आप अपने लकड़ी के बर्तनों को साफ कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि पानी बहुत गर्म न हो ताकि बर्तन खराब न हों। गर्म पानी से गंदगी आसानी से निकल जाती है और कीटाणु भी खत्म होते हैं।

इसके बाद बर्तनों को सूखे कपड़े से पोछ दें ताकि उनमें नमी न रहे। इस तरीके से आपके बर्तन लंबे समय तक नए जैसे दिखेंगे और उनकी उम्र भी बढ़ेगी।

नियमित सफाई करें

लकड़ी के बर्तनों की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी है ताकि उनमें जमी हुई गंदगी या धूल न लगे। सप्ताह में एक बार सभी बर्तनों को हल्के साबुन पानी से धोएं और धूप में सुखाएं। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने लकड़ी के बर्तनों को साफ-सुथरा रख सकते हैं और उनकी उम्र बढ़ा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -023

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 022 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तों | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में रात्रि लगभग 10-30 बजे नर्मदा प्रसाद नामदेव उम्र 56 वर्ष निवासी चिकनी कुआ गढा ने लिखित शिकायत की कि वह ई रिक्शा चलाता है उसने आशीष नामदेव से ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडबी 1583 प्रतिदिन 350 रूपये के हिसाब से किराये पर लिया था शाम लगभग 7-15 बजे उसने अपना ई रिक्शा रामायण मंदिर के सामने खड़ा किया था जहां से ई रिक्शा की 4 बेटरी, चार्जर, स्टेपनी कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये के कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।



# सांसद दुबे की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आज जिला समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री नीरज सिंह ठाकुर, श्री संतोष बरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्य क्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जनपद अध्यरक्ष सहित कलेक्टर श्री दीपक सक्से ना, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, एडीशनल एसपी श्री सूर्यकांत शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रुप से स्वापस्थ्ली , शिक्षा, पेयजल, नहर, बिजली, नगरीय विकास, यातायात प्रबंधन, सड़क व सीवर लाईन आदि विषयों की समीक्षा की गई। इसके पूर्व पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन के संबंध में भी चर्चा की गई।

बैठक में सांसद श्री दुबे ने विभिन्नस मुद्दों पर चर्चा कर कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वमय तथा जनप्रतिनिधियों के तालमेल से विकासात्म क कार्य करें। जो भी समस्यामऐं आती है, उनका उचित समाधान हो। उन्होंयने शहर की यातायात व्य?वस्थार, सड़क व ड्रेनेज सिस्टीम में सुधार, हेंडपम्पोंस की शिकायत के सा?थ पेयजल से जुड़ी समस्याकओं को दूर करने के साथ किसानों से जुड़ी समस्या्ओं के समाधान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंसने कहा कि समस्योओं को लेकर अधिकारी, जनप्रतिनिधियों से लगातार पत्राचार करते रहें, फील्डय विजिट करते समय जनप्रतिनिधियों को अवगत करायें और जनता व समाज के लिए कार्य करें। समय-समय पर ग्राम सभाएं आयोजित करें तथा स्थांनीय समस्या ओं को स्थारनीय स्तरर पर निराकृत करें।

बैठक के दौरान विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि प्राइवेट अस्पनतालों में आयुष्माकन कार्ड धारकों से पैसे लेने के संबंध में उचित कार्यवाही की जाये। नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन के नाम से बिना सूचना के लगातार सड़कों को खोदना पैसे की बरबादी है, इसके लिए पहले से प्लाान करना चाहिए। साथ ही कहा कि खोदे गये सड़कों को पूर्व की भांति बनाना सुनिश्चिएत करें। उन्हों ने कहा कि रांझी क्षेत्र में नर्मदा जल पहुंचाने की कार्यवाही तेजी से किया जाये। शहर की ट्राफिक सिस्ट म को सुधारें। व्ही कल मोड़ से दर्शन तिराहा तथा गोराबाजार से बिलहरी तक के अतिक्रमण को भी हटायें। वहीं स्मावर्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों को तत्काल ठीक किया जाये। जर्जर खंबो को बदलने की कार्यवाही करने के साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाये।

विधायक श्री नीरज सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत खोदी गई सड़कों को गुणवत्ता् के साथ ठीक करें। सड़क सुधार को लेकर अधिकारी जब फील्डव में जाते हैं तब जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करायें, ताकि उनकी की देख-रेख में गुणवत्तांपूर्ण कार्य हो सके। उन्होंनि कहा कि अक्सयर एम्बुतलेंस मरीज को प्राईवेट हॉस्पितटल में ही ले जाते हैं, इस दिशा में भी निगरानी रखी जाये। साथ ही कहा कि नियमित रूप से ग्राम सभायें आयोजित होती रहें, ताकि ग्राम विकास व ग्रामीण समस्याहओं का निराकरण स्थारनीय स्त र पर होता रहे। उन्हों्ने यह भी कहा कि जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वहपूर्ण है, अत= अंधमूक बाईपास व ऐसे खतरनाक जगहों पर जहां दुर्घटना की अधिक संभावना होती है, वहां सुधार किया जाये।

विधायक श्री बरकड़े ने कहा कि जर्जर शाला भवनों को बेहतर करने की दिशा में शीघ्र कार्यवाही करें। साथ ही किसानों व मवेशियों को पर्याप्तर पानी सुनिश्चित हो इस दिशा में आवश्यमक कदम उठायें। उन्होंथने नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्य क निर्देश दिये।

विधायक डॉ. पांडे ने कहा कि शहर की ट्राफिक व्येवस्थात को सुधारना बहुत आवश्ययक है और इस दिशा में प्रभावी कार्य करने की आवश्य कता है। उन्हों्ने कहा कि उखरी चौक में ट्राफिक सिग्न ल लगायें जाये। विजय नगर तथा शहर के आस-पास बसें धूम मचा रहीं हैं, बसों को बाहर के मार्ग से बस स्टेंड भेजने की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करें, क्योंकि ज्यौदातर शिकायत शुद्ध पेयजल की उपलब्धगता को लेकर आती है। बैठक में उन्होंचने हनुमानताल में परिणाममूलक कार्य करने के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि राइट टाउन में एक विद्युत स्टेनशन की आवश्यरकता है, जिसे बनाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंरने कहा कि जैन समाज का एक कीर्ति स्तेम्भय बनना है, उस पर आवश्यसक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंनि बैठक में विशेष रूप से कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम की दिशा में जिला प्रशासन प्रभावी कार्यवाही करें। साथ ही पिज्जार व बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

बैठक में सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभागीय योजनाओं व प्रगति के बारे में बारी-बारी से प्रजेनटेशन दिया। बैठक में ज्यानदातर स्वांस्थ्के , शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क व ड्रेनेज सुधार से संबंधित बातें प्रमुखता से हुई। कलेक्ट र श्री सक्सेवना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बैठक में उठाये गये विषयों को प्राथमिकता से लेकर कार्य करें। इस दिशा में लापरवाही न बरती जाये।

## कलेक्टर सक्सेना की सकारात्मक सोच से जिले के राजस्व रिकार्ड को नवजीवन मिला



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्से्ना की सकारात्मक सोच से जिले के राजस्व रिकार्ड को नवजीवन मिला है। जिसे देखने के लिए आज सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री नीरज सिंह ठाकुर व श्री संतोष बरकड़े राजस्वज अभिलेखागार पहुंचे। राजस्वि अभिलेखागार के नवीनतम स्वहरूप को देखकर उन्हों ने प्रसन्नलता व्यक्त?की और कहा कि जनता से जुड़े राजस्वि रिकार्ड को आधुनिकतम रूप में लाने का यह कार्य प्रशंसनीय है। पूरे मध्ययप्रदेश में रिकार्ड रूम का ऐसा ही संधारण होना आवश्य क है ताकि आमजन को राजस्वह अभिलेख की नकल प्राप्त करने में कोई दिक्कणत न हो। कलेक्टहर श्री सक्सेहना ने कहा कि पहले राजस्वक रिकार्ड रूम बहुत ही अस्ता-व्यिस्तन रूप में था, जिसे वे व्यावस्थित करने का प्रयास किये हैं। साथ ही सभी रिकार्डों को स्कै न कर ऑनलाइन भी किया गया है। कोई भी व्येक्ति उक्तस रिकार्ड की स्थिति के बारे में घर बैठे पता कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले राजस्वि अभिलेख की नकल प्राप्त करने में काफी समय लगता था, लेकिन अब आम जन को सहजता से वांछित रिकार्ड सुलभता के साथ उपलब्धक हो सकेंगे। अपडेटेड राजस्वक रिकार्ड रूम में 1909-10 से अभिलेख उपलब्धध हैं, जो अब सहजता से कम्प्यूव रिटर के माध्यआम से उपलब्ध? हो सकेंगे।

अपडेटेड राजस्व0 रिकार्ड रूम को देखने पहुंचे दमोह जिले से अधिकारी

जिले में राजस्वा रिकार्डों के संधारण के लिए किये गये प्रयास की चर्चा अन्या जिलों में भी है, वे भी इसी तरह के कुछ करना चाहते हैं। दमोह कलेक्टेर के निर्देश पर आज डिप्टीं कलेक्ट र श्री ब्रजेश सिंह को राजस्व दल कलेक्टनर कार्यालय जबलपुर पहुंचकर राजस्व् रिकार्ड संधारण की पूरी प्रोसेस को देखा व समझा।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर ब्रांड के दो स्मोर्टफोन लॉन्च किये

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर इंक. के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। इस टेक्नोलॉजी स्टार्टअप को अपने नए और शानदार इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेडएक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। ये फोन प्रीमियम डिज़ाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ आते हैं। एसर सुपर जेडएक्स और एसर सुपर जेडएक्स प्रो की कीमतें बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और इन्हें प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे देश भर के उपभोक्ताओं तक आधुनिक टेक्नोलॉजी तक आसानी से पहुंचेगी। एसर सुपर जेडएक्स शानदार फीचर्स के साथ आता है। सुपर जेडएक्स स्मार्टफोन में शानदार चिपसेट और कैमरा परफॉर्मेंस है, जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है। इसका स्लिम डिज़ाइन और 6.78 इंच का एफएचडी प्लस 120एचजेड डिस्प्ले इसे खास बनाता है, जो इस सेगमेंट का पहला एफएचडी प्लस डिस्प्ले है। इंडकल टेक्नोचलॉजीज के सीईओ आनंद दुबे ने कहा, यह हमारी कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस लॉन्च के साथ हम सबसे बड़े कंज्यूमर प्रोडक्ट के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। हमारा मकसद ऐसा स्मार्टफोन लाना था जो पूरी तरह भारत में डिज़ाइन हो और परफॉर्मेंस में सबसे आगे हो। हम न केवल डाइमेंसिटी 7400 चिपसेट लॉन्च करने वाली पहली भारतीय कंपनी बने, बल्कि इस सेगमेंट में सभी ब्रांड्स में इसे लाने वाली पहली कंपनी भी हैं। यह दिखाता है कि इंडकल इलेक्ट्रॉनिक्स में कितना नया और बेहतर कर सकती है। हमारे दोनों फोन कैमरा टेक्नोलॉजी और सेंसर में सबसे आगे होंगे, और अपनी कीमत के लिहाज से श्रेणी में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन भी करेंगे। एसर इनकॉर्पोरेटेड की ग्लोबल स्ट्रैटेजिक अलायंसेस की वाइस प्रेसिडेंट जेड झोउ ने कहा, 1987 में स्थापना के बाद से, एसर का मिशन हमेशा लोगों और टेक्नोसलॉजी के बीच की बाधाओं को तोड़ना रहा है। हमें खुशी है कि इंडकल टेक्नोसलॉजीज भारत में एसर ब्रांड के तहत कई तरह के स्मार्टफोन्स लाकर इस मिशन को आगे बढ़ाएगी।

**योजना एवं सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के तहत आवेदन आमंत्रित.**

## संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. अंबेडकर आर्थिक कल्याण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये चलाई जा रही संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। राज्य शासन से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को वित्तीय वर्ष 2025-26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 61 हितग्राहियों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अनुसूचित जाति वर्ग के 153 हितग्राहियों को तथा सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना में अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के 15 समूहों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुसार संत रविदास स्व-रोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत स्वयं का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे तथा सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत अनुसूचित वर्ग की महिला समूहों द्वारा अंत्यावसायी समिति के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय से आवेदन प्राप्त किये जा सकेंगे।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुसार संत रविदास स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को औद्योगिक (विनिर्माण) इकाई की स्थापना के लिये 1 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक का तथा सेवा से संबधित इकाई अथवा खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख रूपये से 25 लाख रूपये तक की ऋण राशि बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत वितरित ऋण पर शासन द्वारा मोरेटोरियम अवधि सहित 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक देय होगा तथा गारंटी राशि भी शासन द्वारा देय होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे व्यक्ति ही आवेदन कर सकेंगे जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो। आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उसके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिये। इसी प्रकार डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को 10 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की परियोजना के लिये ऋण राशि बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। बैंक से वितरित ऋण पर शासन द्वारा मोरेटोरियम अवधि सहित अधिकतम पाँच वर्षों तक 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान देय होगा तथा गारंटी राशि भी शासन द्वारा दी जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिये आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसे आयकरदाता भी नहीं होना चाहिये। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि संत रविदास स्व-रोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को ह्यड्डद्वड्डह्यह्ल.द्वश्चश्ठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्य1.द्बठ्ठ पोर्टल के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम को ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की एक प्रति कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यालय में जमा करनी होगी।

## एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए नए फीचर्स की घोषणा की

**अंतरराष्ट्रीय कॉलों और संदेशों पर बढ़ाया कवरेज क्षेत्रीय भाषाओं में शुरू किए गए स्पैम अलर्ट**

इंदौर- हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है।

अब ग्राहकों को कॉल और संदेश के लिए स्पैम अलर्ट उनकी मनचाही भारतीय भाषाओं में मिलेगा। यह नई सुविधा प्रारंभ में दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और भविष्य में अन्य भाषाओं को भी जोड़ा जाएगा। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा। जबसे एयरटेल ने देश के भीतर स्पैम कॉलों पर सख्ती बढ़ाई है, तब से स्पैमर्स अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों का सहारा लेकर भारत में फर्जी कॉलों की बाढ़ लाने लगे हैं। इस खतरनाक प्रवृत्ति से पिछले छह महीनों में विदेशी स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। एयरटेल को उम्मीद है कि ये नई सुविधा इस बढ़ती समस्या को प्रभावी रूप से समाप्त कर देगी। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सी ई ओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा्हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है। साथ ही, जब से स्पैम ट्रैफिक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों की ओर ट्रांसफर हुआ है,

**शपथ ग्रहण एवं विराट काव्य संध्या का आयोजन हुआ**

## साहित्य की सेवा साहित्यकार का मूल धर्म जल बचेगा तो कल बचेगा गाय को रोटी और पक्षियों को दाना जरूर खिलायें







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में नगर की तीन नवोदित साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं काव्य संध्या का आयोजन मार्गदर्शक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसंग समूह इंजीनियर विनोद नयन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ समाजसेवी शरद अग्रवाल के आतिथ्य में साहित्य परिसर कचनार सिटी विजय नगर में किया गया, जिसमें शब्दरथ ,साहित्य संसार एवं काव्य कलश के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें शब्दरथ की संस्थापक डॉ विनीता पाण्डेय %विनीत% संरक्षक बसंत शर्मा,अभय कुमार तिवारी, डॉ अंबर प्रियदर्शी अर्चना मलैया अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र लाल साहू सचिव डॉ. छाया सिंह महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती इंदू सिंह कंचन, सचिव शशि सिंह परिहार , सह-सचिव डॉ अंकिता नेमा ,समन्वयक एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी साहित्य संसार के पदाधिकारियों में संस्थापक डॉ रानू रूही, संरक्षक श्री जयप्रकाश श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी कटारे, डॉ अनिल बाजपेई, डॉ शोभा सिंह अध्यक्ष मनोज शुक्ला मनोज सचिव डॉ. शिवकुमार सिंह महिला संयोजक मंडल अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना शर्मा उपाध्यक्ष अर्चना अर्चन सचिव तरुणा खरे सह सचिव डॉ गीता पांडे समन्वयक कविता नेमा काव्य कलश के पदाधिकारियों में संस्थापक डॉ मकबूल अली कादरी संरक्षक श्री के.के नायकर डॉ माला प्यासी श्री मृगेंद्र नारायण सिंह ,श्रीमती अर्चना गोस्वामी अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव सचिव एमपी कोरी महिला संयोजक मंडल की अध्यक्ष अर्चना द्विवेदी गुदालू उपाध्यक्ष लता गुप्ता सचिव कीर्ति चौरसिया सह-सचिव प्रीति नामदेव भूमिजा समन्वयक डॉ आशा श्रीवास्तव सहित समस्त पदाधिकारी ने साहित्य के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली शरद अग्रवाल ने शपथ दिलाई इसके जिसमें सभी ने पहली रोटी गाय को एवं अंतिम रोटी श्वान को पक्षियों को दाना पानी दें।बचाओ, बेटी पढ़ाओ -बेटी बचाओ,जल संरक्षण जल बचाओ, बुजुर्गों की देखभाल तथा प्रकृति का संरक्षण, वृक्षारोपण पक्षियों को दाना पानी देने सहित समाज हित में कार्य करने की शपथ ली ।कार्यक्रम में श्री विजय बागरी, मथुरा जैन उत्साही, निर्मला तिवारी, डॉ सुरेन्द्र लाल साहू, मनोज शुक्ल सुशील जैन आभा, रजनी कटारे अतिथि रहीं।,शपथ कार्यक्रम के बाद विराट काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें नगर के बहुत सारे रचनाकारों ने अपना काव्य पाठ किया जिसमें डॉ संध्या शुक्ला , डॉ सुनीता गुप्ता ,अजय मिश्रा, अशरफ खान सुशील श्रीवास्तव,राम प्रवेश निराला डॉ माला प्यासी निर्मला तिवारी डॉ सलमा जमाल, डॉ प्रीति पांडे ,, विवेक शैलार, सुश्री संध्या दुबे, भारती दुबे, बबीता शुक्ला, सुवीर श्रीवास्तव, सुशील जैन, अभय तिवारी, मनोहर चौबे आकाश प्रदीप बकोरे मनोज शुक्ल, रजनी कटारे , डॉ छाया सिंह विजय बागरी सुशील जैन आभा मदन श्रीवास्तव, जावेद नाज मथुरा जैन उत्साही, श्रीमती उर्मिला हुंका तरुणा खरे कृष्णा राजपूत, प्रीति नामदेव डॉ अंकिता नेमा तृप्ति त्रिवेदी,डॉ श्री अभय तिवारी सलमा जमाल,सुरेश मिश्रा , कृष्णा राजपूत, डॉ मकबूल अली कादरी सहित नगर के 65 साहित्यकारों ने शानदार काव्य पाठ किया आयोजन में जी व्ही अग्रवाल, राजेश तिवारी, नीति श्रीवास्तव,नीलम झारिया श्याम हुंका, सत्यम खरे, रविन्द्र दुबे रमाकांत ताम्रकार कार्यक्रम का संयोजन डॉ विनीता पाण्डेय %विनीत% ने संचालन साहित्य शिल्पी इंजीनियर विनोद %नयन%, अजय मिश्रा एवं ज्योत्सना शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ.रानू रूही ने किया



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिविल लाईन में कुशाग्र गर्ग उम्र 20 वर्ष निवासी साउथ मिलौनीगंज दमोहनाका थाना गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीकाम फाईनल ईयर की पढ़ाई कर रहा है फाउंडेशन की परीक्षा देने नवयुग कालेज सिविल लाईन दोपहर लगभग 2-30 बजे आया था कालेज के मोटर सायकल स्टेण्ड पर अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसपी 5514को खड़ा कर वहीं पर उसके साथ पढने वाली कुमारी वैभव सोनी, आयुष पीपड़ा खटीक, पियूस सेन मिले हम सभी परीक्षा देने कालेज के अंदर जाने लगे तो कुमारी वैभव सोनी ने अपना मोबाइल वन प्लस कम्पनी,



# घर में घुसे युवक ने सो रही युवती को जहर खिलाकर मारा, मोबाइल फोन लूटकर भागा

## बात न करने से था नाराज, मोबाइल भी लूटकर ले गया; इलाज के वक्त युवती की मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित मझौली क्षेत्र में सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है। यहां पर घर में घुसे युवक ने सो रही युवती के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। युवती के विरोध करने पर युवक ने मारपीट करते हुए जहरीली वस्तु खिला दी। इसके बाद मोबाइल फोन लूटकर भाग निकला युवती की हालत देख परिजनों ने उपचार के लिए जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भरती कराया। जहां पर युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मझौली के ग्राम कुम्भवारा में रहने वाले मोनू पटेल की करीब एक साल पहले एक युवती से दोस्ती हो गई। दोनों एक दूसरे से बातचीत करते रहे। तीन माह पहले किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और युवती ने मोनू पटेल से बातचीत बंद कर दी। इस बीच मोनू ने कई बार बात करने की कोशिश की लेकिन युवती बात करने के लिए तैयार नहीं थी। दो दिन पहले रात 12.30 बजे के लगभग मोनू मौका पाकर युवती के घर के अंदर घुस गया। मोनू को देख युवती घबरा गई उसने मोनू को घर से जाने के लिए कहा लेकिन मोनू नहीं माना और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की, युवती के विरोध करने पर मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिला दिया।



युवती ने मोबाइल फोन उठाकर परिजनों को बताने की कोशिश की तो मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला। कुछ देर बाद ही युवती को उल्टियां होने लगी, आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो युवती को देख घबरा गए। तत्काल मझौली अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर युवती की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल पहुंचाया। खबर मिते ही पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंच गए, जिन्हे युवती ने बताया कि मोनू पटेल से पिछले एक साल से फोन करता रहा तीन माह पहले उससे बातचीत बंद कर दी। क्योंकि वह फोन पर जब भी बात करता तो गाली गलौज करता रहा। बीती देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं परिजनों का कहना है कि घटना के वक्त युवती अपने कमरे में सो रही थीए जबकि माता.पिता दूसरे कमरे में और भाई बाहर सो रहा था। फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उसे पकडऩे में जुटी है।

कुछ देर बाद जब युवती को उल्टियां होने लगीं तो परिजनों की नींद खुली और उसे फौरन मझौली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हालत गंभीर होने पर जबलपुर के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार देर रात युवती ने दम तोड़ दिया।

युवती की हालत नाजुक होने के बावजूद पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया। उसने मोनू पटेल का नाम लेते हुए बताया कि वह पिछले एक साल से फोन पर बात करता था, लेकिन तीन महीने पहले उसने बात करना बंद कर दिया क्योंकि मोनू गाली-गलौज करता था और व्यवहार ठीक नहीं था। परिजनों ने बताया कि घटना के समय युवती अपने कमरे में सो रही थी, जबकि माता-पिता दूसरे कमरे में और भाई बाहर सो रहा था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। गांव और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक युवक का इस तरह रात के समय घर में घुस जाना और वारदात को अंजाम देना बेहद चिंताजनक है। परिजनों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी को न्याय मिलना चाहिए, ताकि ऐसे दरिंदों को सबक सिखाया जा सके।

# प्रेमी की कहीं और शादी तय होते ही थाना पहुंची प्रेमिका, कहा मैरिज का झांसा देकर किया है रेप

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां के लार्डगंज थाना पहुंची एक युवती ने शिकायत की है कि उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद जब भी बात की जाए तो किसी न किसी बात को लेकर टालमटोल करता रहा. अब कहीं और शादी कर रहा है. पुलिस ने युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.

पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में कहा कि हम दोनों स्कूल में साथ पढ़ते रहे, इस दौरान दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई. बड़े हुए तब भी दोस्ती बरकरार रही. यहां तक कि वह कई बार अपने घर ले गया, दोस्ती की खातिर साथ चली गई. वर्ष 2023 में संस्कार यह कहते हुए संस्कार अपने गढ़ाफाटक स्थित घर ले गया कि माता-पिता मिलना चाहते है. यहां पर शादी करने का कहकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद जब भी संस्कार से शादी की बात की जाए तो कोई न कोई बहाना करके टालमटोल करता रहा. युवती ने संस्कार के परिजनों से मुलाकात करते सारी बात बताई तो वे पहले तो शादी के लिए तैयार हो गए.

वहीं दूसरी ओर संस्कार के लिए दूसरी लड़की की तलाश करते रहे. फिर पता चला कि संस्कार की नरसिंहपुर में शादी तय हो गई है और पांच मई को बारात जाना है. युवती ने संस्कार से संपर्क करने के प्रयास किए लेकिन बात नहीं हो पाई. इसके बाद युवती ने थाना पहुंचकर शिकायत करते हुए पुलिस अधिकारियों को बताया कि संस्कार ने शादी की बात करते हुए उसने कई बार संबंध बनाए और अब मना कर रहा है. युवती का कहना था कि संस्कार के पिता ने उससे यह कहकर रुपया ले लिया था कि शादी में तुम्हारे लिए जेवर बनवाना है. इसी तरह संस्कार ने भी एक लाख 30 हजार रुपए काम के बहाने से मांगे थे. पुलिस ने युवती की शिकायत पर संस्कार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है.

# आपत्तिजनक फोटो खींचकर युवती को किया ब्लैकमेल, घरवालों को भेजी तस्वीरें

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक युवती को उसका ही दोस्त घुमाने के बहाने ले गया और फिर आपत्तिजनक फोटो खींचकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर युवती ने शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। 22 वर्षीय युवती की एक साल पहले मनप्रीत सिंह पहवा नामक युवक से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। लगभग तीन माह पूर्व युवक ने उसे मिलने बुलाया और साथ में घूमने ले गया। इस दौरान आरोपी ने कुछ आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। इसके बाद आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने युवती से और भी फोटो की मांग की और अकेले में मिलने का दबाव बनाने लगा । बार-बार की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने 17 अप्रैल को आरोपी की बात मानने से इनकार कर दिया। इस पर गुस्से में आकर आरोपी उसके घर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इतना ही नहीं, उसने युवती के पिता और भाई को आपत्तिजनक फोटो मोबाइल पर भेज दिए। तब युवती ने परिवार को पूरी बात बताई और उनके साथ थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है ।

# मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में ममता बनर्जी का किया गया पुतला दहन



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जबलपुर में राष्ट्रीय हिंदू संगठन ने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मालवीय चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की सुरक्षा खतरे में है और राज्य सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। संगठन ने ममता बनर्जी से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है, साथ ही राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की अपील की है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए कहा कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। उनका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और हिंदुओं की स्थिति लगातार दयनीय होती जा रही है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह सिर्फ शुरुआत है और वे चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे जब तक पीड़ित हिंदुओं को न्याय और सुरक्षा नहीं मिलती।

### शराब पीने के लिए पैसे न देने पर चाकू से हमला

जबलपुर। थाना घमापुर क्षेत्र में एक ही दिन में चाकूबाज़ी की दो अलग.अलग घटनाएं सामने आईए जिनमें दोनों मामलों में आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगे और इंकार पर हमला कर दिया। घायलों का इलाज जारी है और पुलिस ने दोनों मामलों में एफ्आईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिस घर में रात रुकी उसी की बेटी को ले भागी शातिर महिला

## पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर शातिर महिला को ट्रेस करके उसकी तलाश भी शुरू कर दी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गोहलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनमोहन नगर में एक महिला द्वारा युवती को अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके शातिर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार त्रिमूर्ति नगर, मनमोहन नगर अस्पताल के समीप रहने वाले पुन्नू विश्वकर्मा ने जानकारी दर्ज कराई है कि नोहटा के समीप बरगुवां गांव में रहने वाली रेखा विश्वकर्मा 18 अप्रैल को उसके घर पर आई थी। चूंकि रेखा उसकी मौसी की लड़की है, इसलिए रात में वह उसके पास ही रुकी रही और पुन्नू की 18 वर्षीय बेटी प्रीति के साथ ही सोई थी। दूसरे दिन 19 अप्रैल को सुबह प्रीति बंगलों में काम करने के लिए घर से निकली तो रेखा भी उसके साथ चली गई।

इसके बाद से अब तक दोनों वापस नहीं लौटीं। रेखा का मोबाइल भी बंद बता रहा है। पुन्नू ने संदेह व्यक्त किया है कि रेखा ने ब्रेनवॉश करके उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है और वह उसे कहीं बेच भी सकती है। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर शातिर महिला को ट्रेस करके उसकी तलाश भी शुरू कर दी है।

# परीक्षा दे रहे छात्रों की गाड़ी से उड़ाए मोबाइल और नकदी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित नवयुग कॉलेज में परीक्षा देने आए बीकॉम फाइनल ईयर के छात्रों के साथ एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। छात्र कुशाग्र गर्ग ;उम्र 20 वर्षद्धए निवासी साउथ मिलौनीगंज दमोहनाका थाना गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती दोपहर लगभग 2रू30 बजे वह फाउंडेशन परीक्षा देने कॉलेज पहुंचा था। कॉलेज के मोटरसाइकिल स्टैंड पर अपनी एक्टिवा ;क्रमांक डच् 20 ैच् 5514द्ध खड़ी कर वह अपनी सहपाठी कुमारी वैभव सोनीए आयुष पीपड़ा खटीक और पियूष सेन के साथ अंदर परीक्षा देने चला गया। सभी छात्रों ने अपने.अपने मोबाइलकृवनप्लसए रेडमीए ओप्पो और रियलमी के साथ नकदी 3ए000 रुपयेकृएक्टिवा की डिग्गी में रख दिए थे। बीती शाम लगभग 4रू30 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद जब वे वापस लौटेए तो देखा कि एक्टिवा की डिग्गी खुली हुई थी और उसमें रखे चारों मोबाइल फोन और नकदी गायब थे। छात्रों का कहना है कि कोई अज्ञात चोर डिग्गी खोलकर सामान चुरा ले गया है। सिविल लाइन पुलिस ने कुशाग्र गर्ग की शिकायत पर धारा 303;2द्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मझगवां थाने में एफआईआर, आरोपी की तलाश जारी

# मासूम बालिका से दरिंदगी, हत्या का प्रयास

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । मझगवां थाना क्षेत्र में रहने वाली 12 वर्षीय मासूम बालिका के घर में घुसकर 25 वर्षीय युवक ने दरिंदगी की और शोर मचाने पर आरोपी ने बालिका का मुंह दबाकर हत्या का प्रयास किया। इस बीच परिजनों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकला।

परिजनों के साथ थाने पहुंची पीड़िता की रिपोर्ट पर देर रात दुराचार व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परिजनों के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ रहती है। शुक्रवार को उसके माता-पिता रिश्तेदारी में गये थे।

चाची मायके गई थी और भाई भी कहीं गया था बस चाचा घर पर थे। दोपहर में वह अपनी 10 वर्षीय चचेरी बहन के साथ मोबाइल देख रही थी। उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला अमर महोबिया घर पहुंचा और बहला-फुसलाकर उसे उसकी चाची के कमरे में ले जाकर अश्लील हरकतें कीं। बालिका ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसका मुंह दबाकर उसके साथ दरिंदगी की। इस बीच बालिका का भाई पहुंचा तो आरोपी वहां से भाग निकला। माता-पिता के वापस लौटने पर भाई ने उन्हें पूरी घटना बताई और फिर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मोबाइल चुराने वाले की तलाश

**जबलपुर-** थाना लार्डगंज में दिनांक 20-4-25 की रात्रि वी श्रीनिवास राव उम्र 56 वर्ष निवासी चौथी मंजिल गंगोत्री अपार्टमेंट गोलबजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.शासन में उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है ि सुबह सब्जी लेने हमेशा की तरह सब्जी मंडी पडाव गया था सब्जी ले रहा था

# जुआ के फड़ पर छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार, 36 हजार 500 रुपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी घमापुर श्री सतीष कुमार अंधवान ने बताया कि रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि बेन मोहल्ला शीतलामाई घमापुर में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर चौकी यादव कालोनी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में थाना घमापुर एवं पुलिस लाईन की लाईन द्वार मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः नितिन मेहरोलिया उम्र 38 वर्ष निवासी बैजनाथ नगर जीसीएफस्टेट रांझी, मनीष ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी साहू मोहल्ला सिद्धबाबा, अंकित शुक्लापति उम्र 25 वर्ष, रवि रजक उम्र 25 वर्ष दोनो निवासी गोपाल होटल घमापुर, बताये जुअरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 27 हजार 700 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियों को पकड़ने में चौकी यादव कालोनी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार, थाना घमापुर के प्रधान आरक्षक राकेश पाण्डे, आरक्षक विजय तथा पुलिस लाईन के प्रधान आरक्षक शिवशंकर द्विवेदी, संतराम चौकसे, की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी माढ़ोताल श्री नीलेश दोहरे ने बताया कि दिनांक 20-4-25 की रात्रि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि रामकृष्ण नेत्रालय के सामने खाली खेत के पास ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां कुछ जुआरी चार्जिंग बल्फ की रोशनी में रूपये पैसों का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे घेराबंदी कर 6 जुआरियों को पकड़ा गया

## निवेश में मुनाफे का झांसा देकर लगाई साढ़े 30 लाख की चपत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । बिलहरी निवासी एक युवक को निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर व उसके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर उसके दोस्त ने 30 लाख की चपत लगा दी। इसकी रिपोर्ट युवक ने गोराबाजार थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उसे मासिक लाभ होने का झांसा देकर उसका क्रेडिट कार्ड लिया और धीरे-धीरे करके 30 लाख 55 हजार 607 रुपए का लेन-देन किया। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलहरी स्थित 91-एपीआर कॉलोनी निवासी श्रेयांस उपाध्याय उम्र 38 वर्ष द्वारा थाने में दी शिकायत में बताया गया कि वह ग्रेटर नोएडा की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता था। इस दौरान उसकी मुलाकात कंपनी में कार्यरत राजर्षि बोस निवासी पश्चिम बंगाल से हुई थी। दोस्ती होने पर विभिन्न ऑनलाइन ऑफर्स में इस्तेमाल करने के लिए उसका क्रेडिट कार्ड ले लिया। बिल बढ़ने पर श्रेयांस ने उससे बिल चुकाने की बात की तो उसने जल्द बिल जमा करने की बात कही।

### क्रिकेट का सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

जबलपुर। थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्री सुभाष चंद्र बघेल ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सिद्धघाट शिव मंदिर के पास एक युवक मोबाइल में आईपीएल का सट्टा खिला रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक मोबाइल में कुछ करते दिखा जिसके आसपास लोगों की भीड़ लगी थी भीड़ पुलिस को देखकर भाग गयी घेराबंदी कर मोबाइल चलाने वाले युवक को पकड़ा जिसने पूछताछ पर अपना नाम प्रहलाद ठाकुर उम्र 18 वर्ष निवासी गांधी वार्ड पनागर बताया

## शराब पीने के लिए पैसे न देने पर चाकू से हमला दो घायल

जबलपुर। थाना घमापुर क्षेत्र में एक ही दिन में चाकूबाज़ी की दो अलग.अलग घटनाएं सामने आईए जिनमें दोनों मामलों में आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगे और इंकार पर हमला कर दिया। घायलों का इलाज जारी है और पुलिस ने दोनों मामलों में एफ्आईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घमापुर थाना क्षेत्र निवासी अंकित जायसवाल ;उम्र 24 वर्षद्ध ने पुलिस को बताया कि वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। दिनांक बीती रात करीब 8रू45 बजे वह अपने दोस्त निखिल यादव के साथ बम्बा देवी मंदिर के पास खड़ा था और ग्वारीघाट जाने की योजना बना रहा था। उसी समय तेल मिल निवासी रंगा वहां आया और निखिल से शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगा।

निखिल द्वारा पैसे देने से मना करने पर रंगा गाली.गलौज करने लगा और बात बढ़ने पर चाकू निकालकर निखिल के दाहिने पैर की जांघ में वार कर दिया। वारदात के बाद रंगा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इस पर पुलिस ने धारा 296ए 119;1द्धए 351;2द्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी थाना क्षेत्र के पंचशील स्कूल के पास रहने वाले अमन केवट ;उम्र 30 वर्षद्धए जो मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड हैंए उन्होंने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात लगभग 8 बजे वे शनि मंदिर परेल लाइन से दर्शन कर लौट रहे थे। तभी परेल लाइन आम रोड पर पल्सर बाइक सवार दो अज्ञात युवक आए और शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगे। अमन द्वारा पैसे देने से मना करने पर दोनों गाली.गलौज करने लगे।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 12 2025-2026 दिनांक 21/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री ऋषि कुमार ठाकुर, पिता- स्व. श्री विशन दास ठाकुर,** भवन क्रंमाक 1478/धा1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426477 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री लेखराज ठाकुर/ ना.बली पिता- श्री विशन दास ठाकुर, **वार्ड .दीवान आधार सिंह वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 381 व.फु., निर्मित भूतल 381 व.फु. आ.+व्या.उपयोग, प्रथमतल 300 व.फु. व्या. स्वयं, द्वितीयतल 364 व.फु., तृतीयतल 250 व.फु. , **विक्रयपत्र, दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/14 दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अर्चना अग्रवाल, पति- श्री दिलीप कुमार अग्रवाल** ने मकान नं. 522/16ए **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1900 व.फु., प्रथमतल 1600 व.फु., द्वितीयतल 150 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/08 दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **मेसर्स ईशा ग्रुप श्री अर्पित जैन, पिता- श्री राजेश कुमार जैन** ने मकान नं. 1100 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999